तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 25.7 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025



13 तेलीबांधा तालाब से मैग्नेटो मॉल होते रिंग...





14 अवैध निर्माण राजीनामा के एक साल में 300 से...




**खबर संक्षेप**

### किशोरी से रेप, 20 वर्ष कैद

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व किशोरी को शादी करने का झांसा देकर सात महीने तक रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश अच्छेलाल काछी की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक मोरिशा नायडू छत्तरी के मुताबिक किशोरी से रेप करने के आरोप में कोर्ट ने बिट्टू देवांगन को कैद की सजा सुनाई है। बिट्टू ने किशोरी के साथ 30 अप्रैल 2022 से दो नवंबर 2022 तक लगातार रेप किया।

### निर्माणाधीन मकान में चोरी, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा थाने की पुलिस ने निर्माणाधीन मकान में चोरी करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से डेढ़ लाख रुपए कीमत का 15 किलो कॉपर वायर तथा एक बोरी सीमेंट जब्त की है। चोरी के आरोप में पुलिस ने विनाशक देवार उर्फ मास्टर तथा रोहित देवार उर्फ मोटू को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों ने एक पखवाड़ा पूर्व कमल विहार में एक निर्माणाधीन मकान में चोरी की थी।

### शादी करने का झांसा देकर रेप

**रायपुर।** आजाद चौक थाना में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ शादी करने का झांसा देकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोरबा निवासी 27 वर्षीय युवती ने रितेश तांडी के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया है कि वह रितेश को पूर्व से जानता है। रितेश विवाहित है, उसने युवती से अपने विवाहित होने की जानकारी छिपा कर शादी करने का झांसा दिया और उससे 11 मार्च से आठ अप्रैल तक रेप किया।

### फार्म हाउस से हुक्का जब्त, अपराध दर्ज

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने की पुलिस ने फुंडहर के एक फार्म हाउस में अवैध रूप से संचालित हुक्का बार में छापे की कार्रवाई करते हुए उसके संचालक तथा एक अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने फार्म हाउस में हुक्का बार संचालित करने के आरोप में आदित्य फार्म हाउस के संचालक तथा विकास सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। फार्म हाउस से पुलिस ने नौ हुक्का पाट्र्स जब्त करने के साथ अलग-अलग कंपनियों के सिगरेट तथा हुक्का में इस्तेमाल करने अलग-अलग फ्लेवर के तंबाकू जब्त किया है।

### घर से सोने की चेन चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक महिला ने अज्ञात के खिलाफ घर के खुले दरवाजे से अंदर घुसकर बिस्तर में रखे उसके 60 हजार रुपए की दो सोने की चेन चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## चक्रधरपुर मंडल रोक रहा ट्रेनों की रफ्तार,17 में 12 ट्रेनें लेट, इनमें सुपरफास्ट भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

देश के विभिन्न रेल मंडलों और जोन में पटरियों पर चल रहे मरम्मत कार्यों के कारण ट्रेनों की लेटलतीफी थमने का नाम नहीं ले रही है। अब रेलवे की प्रीमियम ट्रेनें भी इसकी चपेट में आ चुकी हैं। चक्रधरपुर रेल मंडल के टाटानगर और झारसुगुड़ा सेक्शन में जैसे ही ट्रेनें प्रवेश करती हैं, राजधानी एक्सप्रेस सहित अधिकतर एक्सप्रेस ट्रेनें दो से तीन घंटे तक औसतन विलंब हो रही हैं। पहले केवल एक्सप्रेस ट्रेनों का लेट होना आम बात थी, लेकिन अब राजधानी, दूरंतो और सुपरफास्ट जैसी समयबद्ध प्रीमियम ट्रेनें भी नियमित रूप से देरी से चल रही हैं। यात्रियों को एक घंटे का सफर तीन घंटे में पूरा करने की मजबूरी झेलनी पड़ रही है, जिससे उनकी यात्रा बेहद कष्टदायक हो गई है। रेल प्रशासन का कहना है कि ट्रैक मरम्मत और मालगाड़ियों को प्राथमिकता देने की वजह से यह स्थिति बनी है। समय पर पहुंचने की उम्मीद लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को अब लगातार असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

**चक्रधरपुर रेल मंडल के विभिन्न सेक्शन में चल रहा पटरियों का काम, सप्ताहभर से यात्री परेशान**

### सुपरफास्ट की रफ्तार हो रही धीमी

सप्ताहभर से चक्रधरपुर रेल मंडल रायपुर आने वाली ट्रेनों की देर की सबसे बड़ी वजह बन चुका है। हालात इतने खराब हैं कि गीतांजलि एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी डीलक्स, शालीमार उत्कल, कुर्ला, जनशताब्दी और इस्पात एक्सप्रेस जैसी सुपरफास्ट और प्रीमियम ट्रेनें रोजाना घंटों लेट हो रही हैं। खासकर झारसुगुड़ा सेक्शन के पास पहुंचते ही इनकी रफ्तार थम जाती है, जिससे ट्रेनों को रायपुर पहुंचने में औसतन 2 से 3 घंटे की देरी हो रही है। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### मालगाड़ियों का दबाव भी देर की वजह

चक्रधरपुर रेल मंडल में मालगाड़ियों का संचालन इस कदर हावी है कि यात्री ट्रेनों को समय पर चलाना चुनौती बन गया है। यात्रियों का आरोप है कि एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे ट्रेनों की लेटलतीफी आम हो गई है। खासकर मेमू पैसेंजर ट्रेनें इतनी लेट चल रही हैं कि यात्रियों की शिकायतों पर भी कोई असर नहीं दिख रहा।यात्री लगातार एक्स पर रेल प्रशासन से शिकायतें कर रहे हैं। एक्सप्रेस ट्रेनों के देरी की भरमार रेल अधिकारियों के सोशल मीडिया हैंडल पर देखी जा सकती है, लेकिन इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

## टेमरी के बाद बेंद्री में डायरिया, बिजली गुल के दौरान दूषित पानी के इस्तेमाल का शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बदलते मौसम के बीच टेमरी के बाद बेंद्री गांव में डायरिया का प्रकोप हो गया है। पिछले चार दिनों में वहां उल्टी-दस्त के 30 से ज्यादा पीड़ित सामने आए हैं। गांव में शिविर लगाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम राहत उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। संदेह जताया गया है कि पिछले दिनों आंधी-तूफान के दौरान बिजली गुल होने की वजह से गांव के लोगों ने दूषित जल का उपयोग कर लिया था।

बदले मौसम के दौरान खानपान में थोड़ी लापरवाही भी बड़ी परेशानी का कारण बन रही है। खासकर इस मौसम में फूड पाइजनिंग के साथ डायरिया के मामले ग्रामीण इलाकों में लगातार सामने आ रहे हैं। काफी दिनों तक माना के टेमरी गांव में डायरिया का प्रकोप बना रहा। वहां के स्टेशन पारा में रहने वाले करीब सौ लोग उल्टी-दस्त की ▶▶| शेष पेज 13 पर





### टेमरी में भी कम हुए केस

टेमरी में भी डायरिया की शिकायत कम हो गई है। पिछले दो-तीन दिनों से वहां नये केस आने बंद हो गए हैं। जिन पुराने मरीजों का सिविल अस्पताल माना में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था, उन्हें भी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। जिस महिला को हैजा की पुष्टि हुई थी, उसकी हालत में भी सुधार होने खबर है।

### सैंपल रिपोर्ट का इंतजार

डायरिया की शिकायत आने के बाद सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने बेंद्री का दौरा किया। इस दौरान मौजूदा टीम को दिन के साथ रात में भी गांव में निगरानी करने के निर्देश दिए गए। मितानिन को घर-घर जाकर जानकारी लेने और पीड़ितों के उचित उपचार की जानकारी लेने कहा गया है। उल्टी-दस्त की शिकायतों के बीच गांव में एक महिला की मौत पर संदेह जताया गया है, मगर विभागीय अधिकारी इससे इनकार कर रहे हैं।

### करमत्ता भाजी खाकर पहुंचे अस्पताल

इसी तरह कुछ दिन पहले नवापारा के ग्राम परसदा में विवाह समारोह के दौरान फूड पाइजनिंग की घटना हो गई। पुरुषों के बारात जाने की वजह से घर की महिलाओं ने करमता भाजी बनाकर खाई थी। खाना खाने के कुछ देर बाद उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी है। तबीयत बिगड़ने पर 15 लोगों को नवापारा के सीएचसी में लाकर भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सबकी तबीयत ठीक होने पर छुट्टी भी दे दी गई।

## धूप के साथ बढ़ने लगी गर्मी, 39 डिग्री तक पहुंचा राजधानी का तापमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बादल छंटते ही निकली धूप के साथ प्रदेश में गर्मी बढ़ने का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है। बुधवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। लंबे समय तक मौसम बदलने की वजह से वातावरण में आई ठंडकता के कारण रात में गर्मी बढ़ने में अभी वक्त लगने की संभावना है।

■ रात की राहत अभी बाकी

विभिन्न मौसम तंत्रिकाओं की वजह से राज्य के कुछ एक इलाकों में बादल-बारिश की संभावना बनी हुई है, मगर यह बढ़ती गर्मी को कम करने में मददगार नहीं हो पाएगा। बुधवार की सुबह धूप ने अपना असर दिखाया और दोपहर तक अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया। काफी दिनों तक ठंडकता जैसी स्थिति में रहने की वजह से आज गर्मी की तेजी महसूस हुई। माना जा रहा है कि गर्मी एक बार फिर बढ़ोतरी की ओर अग्रसर हो ▶▶| शेष पेज 13 पर

## बागी पार्षदों ने लिया इस्तीफा वापस, प्रदेश अध्यक्ष को दिया पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष चयन को लेकर चल रहे विवाद का पटाक्षेप हो गया है। कांग्रेस के 5 बागी पार्षदों ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात कर एक पत्र देकर अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उनका कहना है पार्टी हित में इस्तीफा वापस लिया है। नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू ने कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष से हमारी सार्थक चर्चा हुई है। चर्चा के बाद हमने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। पार्टी हाईकमान नेता प्रतिपक्ष के संबंध में जो भी निर्णय लेगा, वह उन्हें स्वीकार होगा। वहीं नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ कहा पार्टी हित में लिया इस्तीफा वापस, नेता प्रतिपक्ष पर संशय अब भी बरकरार




### 5 पार्षदों ने दिया था इस्तीफा

कांग्रेस के 5 पार्षदों ने सप्ताहभर पहले जिला अध्यक्ष द्वारा नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष के रूप में आकाश तिवारी के नाम की चिट्ठी जारी करते ही पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने वालों में नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू, उपनेता जयश्री नायक, रेणु-जयंत साहू, दीप-मनीराम साहू, रोणिता-प्रकाश जगत शामिल रहे, जबकि आकाश ▶▶| शेष पेज 13 पर

### तीन सदस्यीय कमेटी का हुआ था गठन

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू के आदेश पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने नेता प्रतिपक्ष पद के लिए निर्मित परिस्थिति को देखते हुए इसके निराकरण के लिए कुरुद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लेखराम साहू की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय कमेटी का गठन किया। इसमें सदस्य के रूप में प्रेमचंद जायसी उपाध्यक्ष-प्रदेश कांग्रेस कमेटी, सुनील माहेश्वरी सदस्य के रूप में शामिल रहे। कमेटी के सदस्यों ने हाल ही में एक-एक कर कांग्रेस के इन 5 बागी पार्षदों से चर्चा कर उनका पक्ष जाना। कमेटी चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट हाईकमान को देगी।

*लगातार नोटिस जारी होने के बाद भी बयान दर्ज कराने उपस्थित नहीं हुए*

## कोल घोटाले में रामगोपाल सहित चार के खिलाफ बेमियादी गैर जमानती वारंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईओडब्लू, एसीबी में दर्ज कोल घोटाला में आरोपी बनाए गए चार लोगों के खिलाफ बुधवार को नीरज शर्मा की विशेष अदालत ने बेमियादी गैर जमानती वारंट जारी किया है। जिन लोगों के खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी किया है, उन लोगों को जांच एजेंसी पूछताछ करने दो दर्जन से ज्यादा बार नोटिस जारी कर चुकी है। बावजूद इसके आरोपी बयान दर्ज कराने ईओडब्लू, एसीबी के सामने उपस्थित नहीं हुए। कोल घोटाला में एसीबी, ईओडब्लू ने वर्ष 2024 में आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 7ए के तहत अपराध दर्ज किया है। कोर्ट ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामगोपाल अग्रवाल के साथ ही नवनीत तिवारी, देवेंद्र डडसेना, नारायण साहू के खिलाफ बेमियादी गैर जमानती वारंट जारी किया है। चारों के खिलाफ बेमियादी गैर जमानती वारंट जारी कराने के लिए एसीबी, ईओडब्लू के वकील सिद्धार्थ सिंह ने भगोड़ा अपराधी दाउद इब्राहिम से जुड़े ▶▶| शेष पेज 13 पर



■ बेमियादी गैर जमानती वारंट के बाद अग्रिम जमानत का लाभ मिलना मुश्किल

### संपत्ति अटैच की तलवार लटकी

पूछताछ में सहयोग नहीं करने पर कोर्ट ने जिन लोगों के खिलाफ वारंट जारी किया है, इसके बाद भी चारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर ईओडब्लू, एसीबी की टीम कोर्ट में चारों की संपत्ति अटैच करने आवेदन पेश कर सकती है। कोर्ट की अनुमति मिलने पर एसीबी, ईओडब्लू की टीम चारों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई कर सकती है।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**


## पूर्व विधायक, कारोबारी के बेटे से ब्लैकमेलिंग कर सात लाख रुपए से ज्यादा की वसूली

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना में पूर्व विधायक तथा कारोबारी के बेटे ने अज्ञात के खिलाफ सोशल मीडिया में अश्लील फोटो, वीडियो अपलोड करने की धमकी देकर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अज्ञात जालसाज के खिलाफ कारोबारी के बेटे ने अपने अकाउंट में सात लाख 30 हजार रुपए ट्रांसफर कराए जाने का आरोप लगाया है। शंकर नगर, जीवन ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ सोशल मीडिया में अश्लील फोटो, वीडियो अपलोड करने की धमकी देकर अकाउंट में पैसा ट्रांसफर कराया




## पहलगाम में सुहाग खोने वाली बहनों को साय ने समर्पित की पंक्तियां, कहा-

# अब सुनो हमारा गर्जन, अपनी अंतिम सांस में...

## रमन सिंह बोले ये नया भारत है, आतंक सहने को तैयार नहीं



पहलगाम आतंकी हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिन्दूर से लिया है। हमले में 105 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। भारत सरकार की ओर से भी हमले की आधिकारिक पुष्टि कर दी गई है। मुजफ्फराबाद, कोटली और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ऑपरेशन सिन्दूर के सफल होने पर जवानों की सराहना की और कहा, भारतीय सेना अब आतंकियों और उनके ठिकानों को उजाड़ने प्रतिबद्ध है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 9 आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। यह सीधा संदेश है, यह नया भारत है। नया भारत आतंक सहने को तैयार नहीं है। आतंकियों से निपटने के लिए हमारी सेना की पूरी तैयारी है।

### मसूद को अब समझ आएगा परिवार के न रहने की पीड़ा

एयरस्ट्राइक में मोस्ट वांटेड आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग मारे गए हैं। आतंकी मसूद अजहर ने चिट्ठी जारी करते हुए कहा कि दिल करता है कि काश मैं भी इस हमले में मर जाता। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने कहा कि अब आतंकी मसूद को समझ आएगा कि परिवार के न रहने की पीड़ा क्या होती है।

### नक्सलवाद-आतंकवाद दोनों नासूर

इधर छत्तीसगढ़ और तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित करेंगुट्टा की पहाड़ी पर सबसे बड़े नक्सली ऑपरेशन में जवानों ने 22 नक्सलियों को ढेर कर दिया। डॉ. रमन सिंह ने एंटी नक्सल ऑपरेशन में सफलता पर तीनों राज्यों की पुलिस और जवानों को बधाई दी। देश के लिए नक्सलवाद और आतंकवाद दोनों नासूर हैं।

### देश की अस्मिता और सुरक्षा में खलल डालने वालों का अंजाम यही होगा

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने ऑपरेशन को लेकर कहा, भारत किसी से कम नहीं है, लेकिन अगर कोई भारत



की अस्मिता और सुरक्षा में खलल डालने की कोशिश करेगा, तो उसका अंजाम ऐसा ही होगा। जिस दिन कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, उसी दिन राहुल गांधी ने कहा था कि हम भारत सरकार के साथ हैं। आज भारत ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ कदम उठाया है। जहां देश की बात है, राजनीति से उठकर एक साथ खड़े हैं।

### शर्मा बोले- चुन चुन कर बदला लिया जाएगा, बैज ने कहा- आतंक के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने देर रात पकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयरस्ट्राइक किया है। इस ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' दिया गया है, जिसके तहत 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया है, जो सफल रहा। भारत के इस एक्शन के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री से लेकर कई नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा "हर हर महादेव, वंदे मातरम्। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। आतंकियों की गोलियों ने 26 आम परिवारों को मातम में डुबो दिया। धर्म और नाम पूछकर निर्दोष लोगों पर गोली चलाई गई। इस दिल दहला देने वाली घटना को 15 दिन बीत चुके हैं और पूरे देश को मोदी सरकार की ओर से कड़ी कार्रवाई का इंतजार था। आखिरकार, देर रात भारत ने एयरस्ट्राइक के जरिए पाकिस्तान में आतंक के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया। ऑपरेशन में पाकिस्तान स्थित 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया। पूरे देश में इसके बाद राहत की सांस ली गई और लोग भारत के एक्शन के बाद अब जश्न मना रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट साझा किया है।

### ऑपरेशन सिन्दूर के सफल होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लिखा

लिख चुके हैं फिर लिखेंगे बार-बार इतिहास में
होंगे शत्रु सदा विफल हमसे द्वंद्व के प्रयास में
तुमने कहा "मोदी को बोलो" मृत्यु के उपहास में
अब सुनो हमारा गर्जन अपनी अंतिम सांस में

गौरवान्वित और भावुक महसूस करते हुए यह पंक्तियां पहलगाम की हर बहन को समर्पित कर रहा हूं।





### चुन-चुन बदला लिया जाएगा



वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो जारी करते हुए लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर, चुन चुन कर बदला लिया जाएगा।

### भारत बदला लेना जानता है



रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, भारत बदला लेना जानता है। उन्होंने कहा, जिन बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, जिन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, उनका बदला ले लिया गया है। भारत माता की जय! जय भारत की सेना!

### देशवासियों को सुकून और ठंडकता का अनुभव हो रहा : नेताम



मंत्री राम विचार नेताम ने ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर कहा, आतंकियों ने न जाने कितनी बहनों के सिंदूर उजाड़े और पूरे देश का खून बदले के लिए खौल रहा था। आज जब सेना ने जवाब दिया है, तो देशवासियों को सुकून और ठंडकता का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा, जवानों ने अपनी वीरता का परिचय दिया है, उन्हें प्रणाम है।

### आतंकवाद को कब्र में पहुंचाने तक ये ऑपरेशन जारी रहेगा : तोखन

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा, आतंकियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया गया। आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया गया। आतंकियों के 9 ठिकानों पर हमला हुआ है। यही नया भारत है, मोदी सरकार का भारत है। जो कहते हैं, वो करते हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' हर एक के सिन्दूर का बदला है। आतंकवाद को कब्र में पहुंचाने तक ये ऑपरेशन जारी रहेगा। एक तरफ देश में आतंकियों से लड़ाई जारी है, तो वहीं प्रदेश में भी नक्सलियों से आरपार की लड़ाई चल रही है।





### पूरा देश वीर जवानों के साथ

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सोशल मीडिया पर लिखा, इंडियन आर्मी ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंक के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब दिया है। पूरा देश भारत के वीर जवानों के साथ खड़ा है। जय हिंद!



### भारतीय सेना के पराक्रम के लिए देशवासी रहेंगे सदैव आभारी

पूर्व मंत्री तथा कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ठिकानों को लक्ष्य करके किए गए हमलों को प्रशंसनीय कार्रवाई बताया है। उन्होंने



कहा, देशवासी भारतीय सेना के पराक्रम के लिए सदैव उसके आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा, आतंकी ठिकानों पर हमला पहलगाम में जान गंवाने वाले 26 बेकसूर नागरिकों को न्याय दिलाने किया गया है, इससे उन लोगों को भी न्याय मिलेगा जो पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद के कारण पीड़ित रहे हैं। भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान को सबक मिलेगा। उन्होंने पहलगाम हमले में प्राण गंवाने वाले 26 नागरिकों को शहीद का दर्जा देने की अपनी मांग दोहराई है।

### हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि- सिंहदेव

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी ट्विट कर भारतीय सेना के रुख का समर्थन किया। उन्होंने लिखा, भारत ने पाकिस्तान और पीओके से आने वाले



आतंकवाद के खिलाफ अडिग और निर्णायक रुख अपनाया है। राष्ट्रीय हित से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सरकार और सशस्त्र बलों को हर आवश्यक और सख्त कदम उठाने में पूरा समर्थन दिया है। यह एकता और एकजुटता का समय है। उन्होंने भारतीय जवानों की बहादुरी और संकल्प को नमन करते हुए कहा, हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है।

### पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने भारतीय सेना के



साहसिक ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, पहलगाम की दर्दनाक घटना के बाद देश की जनता का मनोबल बढ़ाने और आतंक के खिलाफ सख्त संदेश देने यह सटीक और साहसिक कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' अभिनंदनीय है।

## खबर संक्षेप



### रविन्द्रनाथ टैगोर को किया याद

**रायपुर।** गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर को राजधानी वासियों ने याद किया। उनके 164 वीं जयंती पर नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से टैगोर नगर चौक पर प्रतिमा के सामने आदरांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने राजधानीवासियों की गुरूदेव को नमन करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया।
इस कार्यक्रम में दक्षिण विधायक सुनील सोनी, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, सचिन मेघानी, वार्ड पार्षद स्वप्निल मिश्रा सहित गणमान्य जन शामिल हुये।

### निगम क्षेत्र में खुले 10 राशन दुकान



**रायपुर।** बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में 10 शासकीय राशन दुकान का शुभारंभ किया गया। रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू द्वारा इनका उद्घाटन किया गया। बीरगांव नगर निगम के वार्ड क्रमांक 40 मजदूर नगर, उरला, अछोली रावाभाठा, बीरगांव और उरकुरा में शासकीय राशन दुकान खोला गया।

### बुद्ध पूर्णिमा पर मांस-मटन विक्रय प्रतिबंधित

**रायपुर।** 12 मई को राजधानी में बुद्ध जयंती के अवसर पर मांस - मटन का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से निगम सीमा क्षेत्र स्थित पशुवध गृह और सभी मांस-मटन विक्रय की दुकानों को इस दिन बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि 12 मई को सभी जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वच्छता निरीक्षक मांस- मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का पालन कराने संबंधित क्षेत्र की मानिटरिंग करेंगे।

## नगरीय निकायों ने जमा नहीं कराया 21.86 करोड़ का उपकर 31 मार्च तक करना था अदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम के तहत नगरीय निकाय क्षेत्र में होने वाले सभी निर्माण पर भूमि की लागत को छोड़कर कुल राशि का एक प्रतिशत हिस्सा उपकर के रूप में श्रम विभाग को जमा कराने का प्रावधान है, लेकिन छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने इस साल की उपकर की बकाया राशि 21.86 करोड़ रुपए अब तक अदा नहीं की है। इस मामले में अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी निकायों को यह राशि तुरंत अदा करने कहा है।

### 31 मार्च तक जमा कराना था उपकर

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम के तहत यह प्रावधान है कि निकाय क्षेत्र में होने वाले सभी निर्माण एवं अनुज्ञा स्वीकृति के बाद जमीन की लागत को छोड़कर निर्माण की कुल राशि का एक प्रतिशत हिस्सा उपकर के लिए वसूला जाता है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी है कि उपकर के रूप में काटी गई राशि 30 दिन के अंदर भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में जमा कराई जाए। अगर यह राशि समय पर नहीं अदा की गई तो 2 प्रतिशत मासिक तथा वार्षिक 24 प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा। लेकिन निकायों ने कुल मिलाकर निर्माण संबंधी परियोजनाओं में राशि 21.86 करोड़ रुपए मंडल में जमा नहीं कराए हैं।

## तिल्दा-नेवरा रेलवे स्टेशन के विकास कार्य की गति धीमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमृत भारत योजना के तहत देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत योजना अंतर्गत विकास कार्य करना था। करोड़ों रुपए के विकास कार्य इन स्टेशनों में होना था। जिसमें से एक तिल्दा,नेवरा रेलवे स्टेशन भी शामिल है। लेकिन यहां रेलवे के अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के चलते अमृत भारत योजना अंतर्गत विकास कार्य ठप्प हो गए है। विकास कार्य काफी हद तक पीछे चला गया है दिखावे के लिए थोड़ी बहुत काम शुरू किया गया था। लेकिन वह भी अब बंद पड़ा है।

### विकास कार्य ठप

बता दें अमृत भारत योजना अंतर्गत करोड़ों रु. के विकास कार्य तिल्दा रेलवे स्टेशन में किया जाना था। लेकिन अभी तक यहां पर 25% भी काम नहीं हो पाया काम अधूरे पड़े है।स्टेशन के प्लेटफार्मों में भी चेकर टाइल्स आदि के काम चल रहे है जो काफी गुणवत्ता विहीन कार्य हो रहा है, भारी मिलावटी कार्य ठेकेदार द्वारा की जा रही है। प्लेटफॉर्म में उपर शेड लगा हुआ है जिसमें बीच बीच में ज्वाइंट दी गई है। इसे नया लगाया गया है बीच बीच से ज्वाइंट में भी जंग लग गया है और पानी गिरने से प्लेट फॉर्म में पानी टपक रहा है। इसे देखने वाला यहां कोई नहीं है। साथ ही इस संबंध में रेलवे के अधिकारियों कुच्छ भी कहने से बच रहें हैं। आम नागरिक काफी हलाकान और परेशान है। आमजन यह भी कहना है कि तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन को महज दिखावे के लिए अमृत भारत स्टेशन में जोड़ा गया है। विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प है।

## बारहवीं में मेरिट सूची में कीर्ति नवम् स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां

स्वामी आत्मनन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम आडवाणी आर्लिकन शा. उ. मा. विद्यालय बिरगांव की छात्रा कीर्ति यादव पिता
राजकुमार माता गायत्री यादव,कीर्ति ने बारहवीं की परीक्षा में 96% अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में नवा स्थान प्राप्त किया। कीर्ति के पिता वाहन चालक हैं, व माता आंगन बाड़ी में सहायिका है।
अपनी बेटी के परीक्षा परिणाम से उनक माता ,पिता ,बहुत प्रसन्न है। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सिरमौर व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया। जिनके मार्गदर्शन से यह स्थान हासिल किया है। सेजस बिरगांव



के प्राचार्य मुकेश सिरमौर व समस्त शिक्षक ने छात्रा को बधाई दिया। टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाली यह प्रथम छात्रा है। जिन्होंने बिरगांव क्षेत्र का नाम रोशन की है। कीर्ति ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता का आशीर्वाद व प्राचार्य और अपने शिक्षक गण को दिया है।

### आर.डी. तिवारी स्कूल में विभिन्न कार्यों के राशि स्वीकृत

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आमापारा स्थित पंडित आर.डी. तिवारी उच्चतर माध्यमिक शाला में विभिन्न कार्यों के लिए एक करोड़ 60 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद संचालनालय द्वारा अधोसंरचना मद से यह राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, रंगाई, पोताई, वाशरूमों की मरम्मत, सेप्टिक टैंक निर्माण, पाइपलाइन की मरम्मत, खेल मैदान का विकास, फॉल्स-सीलिंग मरम्मत सहित अन्य कार्य किए जाएंगे।

## जैन तीर्थंकरों की प्राचीन प्रतिमाओं को बाहर ले जाने पर बिफरा समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सितम्बर 2021 में आरंग के अंधियार खोप तालाब में मिली प्राचीन जैन तीर्थंकर की मूर्ति को आरंग से बाहर

- प्राचीन जैन तीर्थंकर को आरंग से बाहर ले जाने के फैसले से नगर में आक्रोश

ले जाने का विरोध अब और बढ़ता जा रहा है। बुधवार को जानकारी मिली कि भांडदेवल में रखी प्राचीन मूर्ति को आरंग से बाहर ले जाने का प्रशासनिक दबाव बनाया गया है। मूर्ति को ले जाने की मांग करने वाले जैन समाज के लोग आरंग पहुंचे है। जानकारी मिलते ही आरंग नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने खुद ही मोर्चा संभाला और भाजपा पार्षदों के साथ भांडदेवल मंदिर पहुंच गए। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन को चर्चा करने के लिए आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा ने अपने ऑफिस बुलाया। जहां पहले से जैन समाज के लोग मौजूद थे।लेकिन उन्होंने चर्चा करने मना कर दिया। इसी बीच पार्षद पुष्कर साहू और पार्षद प्रतिनिधि खिलेश धुरंधर एसडीएम के पास पहुंचे और उन्होंने नगर हित में मूर्ति को लेकर अपना पक्ष रखा,इस दौरान दोनों के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई। पार्षद पुष्कर साहू एसडीएम ऑफिस से बाहर निकल गए। इस घटना से जैन समाज के लोग नरम पड़ गए और उनको मूर्ति के बिना ही वापस लौटना पड़ा।



### आरंग की प्राचीन मूर्ति को लेकर गरमाया माहौल

आपको बता दे कि आरंग की प्राचीन जैन तीर्थंकर की मूर्ति को जैन समाज द्वारा रायपुर ले जाने की मांग की गई थी। जिस पर तत्कालीन रायपुर कलेक्टर ने मूर्ति को ले जाने का आदेश जारी किया था। तब जनभावना का ध्यान रखते हुए आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब की मांग पर तात्कालिक मंत्री और वर्तमान में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आरंग की मूर्ति को आरंग में ही रखने की घोषणा की थी। पूर्व मंत्री की घोषणा का बाद भी मूर्ति को बाहर ले जाने का आदेश कायम है। इसी के चलते जैन समाज के लोग मूर्ति को ले जाने के लिए पहुंचे थे। इस पूरे घटनाक्रम में आरंग नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कहा मै खुद जैन समाज से आता हूं,आरंग नगर मेरी पहली प्राथमिकता है। यहां की प्राचीन मूर्तियों पर आरंगवासियों का अधिकार है। आरंग की मूर्ति आरंग में ही रहेगी इसके लिए हम सभी प्रयास कर रहे है। पूर्व संस्कृति मंत्री और वर्तमान में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जो घोषणा की थी उसको पूरा करना है। यहां उनकी घोषणा अनुसार संग्रहालय बनाया जाएगा और मूर्तियों को संरक्षित किया जाएगा। कुछ दिनों में आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब के सहयोग से प्रशासनिक रूप से इस विषय पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरामन कोसले, पार्षद नरेंद्र लोधी, पुष्कर साहू, संतोष लोधी, गोलू वीरेंद्र कंडरा, उमाकांत यादव, पार्षद प्रतिनिधि राकेश सोनकर, खिलेश धुरंधर, अशोक चंद्राकर, सुशील जलक्षत्री, यशपाल लोधी, तुलाराम साहू, नागेंद्र विश्वकर्मा, रूपेश जलक्षत्री, बसंती साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## आंतकियों को धूल चटाकर करेंगे शांति बहाल

# ऑपरेशन सिंदूर सेना का पराक्रमः विधायक अनुज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

हाल ही में पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले, जिसमें निर्दोष नागरिकों की जान गई थी, जिसका करारा जवाब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में दिया है। इस साहसिक और सटीक सैन्य कार्रवाई ने सीमा पार बैठे आतंकी आकाओं और उनकी शह पर पल रहे आतंकियों को धूल चटा दी है। धरसींवा के ऊर्जावान विधायक अनुज शर्मा ने इस ऑपरेशन की सफलता पर भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करते हुए कहा कि यह कार्रवाई पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। विधायक अनुज शर्मा ने अपने भावुक और दृढ़ संकल्प से भरे बयान में कहा,पहलगाम में निर्दोष जनता का जो खून बहाया गया, वह व्यर्थ नहीं गया।

### सेना सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम

*शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति की सराहना करते हुए कहा। मोदी सरकार ने हमेशा आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। हमारी वीर जवानों ने अपने शौर्य से यह दिखा दिया है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। विधायक अनुज शर्मा ने देशवासियों से एकजुट रहने और सेना का मनोबल बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह समय शोक और आक्रोश का है, लेकिन यह एकजुटता दिखाने का भी समय है। हमें अपनी सेना पर अटूट विश्वास रखना होगा और पाकिस्तान जैसे आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों के खिलाफ एक स्वर में आवाज उठानी होगी। ऑपरेशन सिंदूर न केवल पहलगाम के पीड़ितों के लिए न्याय की जीत है, बल्कि यह पाकिस्तान और उसके द्वारा पोषित आतंकवादियों के लिए एक स्पष्ट और कठोर संदेश भी है। विधायक अनुज शर्मा का यह ओजपूर्ण बयान देश की भावनाओं को व्यक्त करता है और यह विश्वास दिलाता है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में हर हाल में विजयी होगा। यह ऑपरेशन उन सभी निर्दोषों की आत्मा को शांति प्रदान करेगा, जिन्होंने आतंकवाद की भेंट चढ़कर अपनी जान गंवाई।*



भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर उन कायर आतंकवादियों और उनके समर्थकों को स्पष्ट संदेश दे दिया है, कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। यह ऑपरेशन उन शहीदों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने अपनी जान गवाइ। उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा,कि पाकिस्तान दशकों से आतंकवाद को अपनी स्टेट पालिसी के तौर पर इस्तेमाल करता रहा है। पहलगाम का हमला भी उसी नापाक साजिश का हिस्सा था। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया है कि भारत अब और चुप नहीं बैठेगा। हमारी सेना न केवल अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि वह सीमा पार जाकर भी आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करने का दम रखती है।

## सुशासन शिविर धरसींवा में किया गया समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

प्रदेश में सुशासन के संकल्प को साकार करते हुए, धरसींवा विधानसभा में सुशासन तिहार का तीसरा चरण प्रगति पर है। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने ग्राम परसतराई और रायखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को ऋण पुस्तिकाएं वितरण की। मछली पालकों को मत्स्य विक्रय हेतु आइस बॉक्स और भूमिहीनों को मालिकाना हक के पट्टे वितरित किए। इस पहल से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। समाधान शिविर में विधायक अनुज शर्मा ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। विधायक अनुज शर्मा ग्रामीणों समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनके



त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को खुलकर विधायक के समक्ष रखा, जिस पर विधायक अनुज शर्मा सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार जन-जन की आवाज सुनने, उसे समझने और उस पर तत्परता से कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# पीएम आवास योजना के हितग्राहियों से मांगी रिश्वत, तीन पर एफआईआर दर्ज, सेवा से पृथक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े तीन संविदा कर्मियों द्वारा हितग्राहियों से रिश्वत मांगने एवं डरा-धमकाकर वसूली करने की पुष्टि के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की गई है। संविदा कर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर, उन पर एफआईआर दर्ज की गई है। घटना की जानकारी एक वायरल ऑडियो क्लिप के माध्यम से सामने आई, जिसमें ग्राम पंचायत ऐरमशाही की आवास मित्र नीरा साहू द्वारा प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी करने के एवज में 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगने की बात सामने आई। तहसीलदार की जांच में नीरा साहू ने स्वयं ऑडियो में अपनी आवाज होने की बात स्वीकार की। प्रकरण में नारायण साहू, जो ग्राम पंचायत तेंदुआ में रोजगार सहायक है, द्वारा हितग्राहियों को धमकाते हुए 10 हजार रुपये की मांग किए जाने के प्रमाण मिले। वहीं उसकी पत्नी ईश्वरी साहू, जो ग्राम पंचायत ऐरमशाही में रोजगार सहायक के रूप में पदस्थ थी, उन पर भी हितग्राहियों से डराकर पैसे मांगने के गंभीर आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर की गई कार्रवाई

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana

## सेवा से पृथक, एफआईआर दर्ज

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नवागढ़ की लिखित रिपोर्ट तथा नांदघाट थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर तीनों दोषियों नीरा साहू, नारायण साहू और ईश्वरी साहू को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया गया है। यह आदेश कलेक्टर बेमेतरा के अनुमोदन से जारी किया गया। इस मामले में नांदघाट थाना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 308(2) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर प्रकरण की विधिवत विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

## कार्रवाई सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस कार्रवाई को सुशासन तिहार के मूल उद्देश्य का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी सर्वोपरि है। किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी आमजन के अधिकारों का दुरुपयोग न करे और यदि करता है, तो उसे तत्काल विधिसम्मत कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार के खिलाफ यह सिर्फ कार्रवाई नहीं, सुशासन का संकल्प है।

## पहलगाम में सुहाग खोने वाली बहनों को साय ने समर्पित की पंक्तियां, कहा-

# अब सुनो हमारा गर्जन, अपनी अंतिम सांस में...

## रमन सिंह बोले ये नया भारत है, आतंक सहने को तैयार नहीं



पहलगाम आतंकी हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिन्दूर से लिया है। हमले में 105 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। भारत सरकार की ओर से भी हमले की आधिकारिक पुष्टि कर दी गई है। मुजफ्फराबाद, कोटली और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ऑपरेशन सिन्दूर के सफल होने पर जवानों की सराहना की और कहा, भारतीय सेना अब आतंकियों और उनके ठिकानों को उजाड़ने प्रतिबद्ध है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 9 आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। यह सीधा संदेश है, यह नया भारत है। नया भारत आतंक सहने को तैयार नहीं है। आतंकियों से निपटने के लिए हमारी सेना की पूरी तैयारी है।

### मसूद को अब समझ आएगा परिवार के न रहने की पीड़ा

एयरस्ट्राइक में मोस्ट वांटेड आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग मारे गए हैं। आतंकी मसूद अजहर ने चिट्ठी जारी करते हुए कहा कि दिल करता है कि काश मैं भी इस हमले में मर जाता। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने कहा कि अब आतंकी मसूद को समझ आएगा कि परिवार के न रहने की पीड़ा क्या होती है।

### नक्सलवाद-आतंकवाद दोनों नासूर

इधर छत्तीसगढ़ और तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर सबसे बड़े नक्सली ऑपरेशन में जवानों ने 22 नक्सलियों को ढेर कर दिया। डॉ. रमन सिंह ने एंटी नक्सल ऑपरेशन में सफलता पर तीनों राज्यों की पुलिस और जवानों को बधाई दी। देश के लिए नक्सलवाद और आतंकवाद दोनों नासूर हैं।

### देश की अस्मिता और सुरक्षा में खलल डालने वालों का अंजाम यही होगा

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने ऑपरेशन को लेकर कहा, भारत किसी से कम नहीं है, लेकिन अगर कोई भारत



की अस्मिता और सुरक्षा में खलल डालने की कोशिश करेगा, तो उसका अंजाम ऐसा ही होगा। जिस दिन कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, उसी दिन राहुल गांधी ने कहा था कि हम भारत सरकार के साथ हैं। आज भारत ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ कदम उठाया है। जहां देश की बात है, राजनीति से उठकर एक साथ खड़े हैं।

## शर्मा बोले- चुन चुन कर बदला लिया जाएगा, बैज ने कहा- आतंक के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने देर रात पकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयरस्ट्राइक किया है। इस ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' दिया गया है, जिसके तहत 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया है, जो सफल रहा। भारत के इस एक्शन के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री से लेकर कई नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा "हर हर महादेव, वंदे मातरम। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। आतंकियों की गोलियों ने 26 आम परिवारों को मातम में डुबो दिया। धर्म और नाम पूछकर निर्दोष लोगों पर गोली चलाई गई। इस दिल दहला देने वाली घटना को 15 दिन बीत चुके हैं और पूरे देश को मोदी सरकार की ओर से कड़ी कार्रवाई का इंतजार था। आखिरकार, देर रात भारत ने एयरस्ट्राइक के जरिए पाकिस्तान में आतंक के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया। ऑपरेशन में पाकिस्तान स्थित 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया। पूरे देश में इसके बाद राहत की सांस ली गई और लोग भारत के एक्शन के बाद अब जश्न मना रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट साझा किया है।

### ऑपरेशन सिन्दूर के सफल होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लिखा

लिख चुके हैं फिर लिखेंगे बार-बार इतिहास में
होंगे शत्रु सदा विफल हमसे द्वंद्व के प्रयास में
तुमने कहा "मोदी को बोलो" मृत्यु के उपहास में
अब सुनो हमारा गर्जन अपनी अंतिम सांस में

गौरवान्वित और भावुक महसूस करते हुए यह पंक्तियां पहलगाम की हर बहन को समर्पित कर रहा हूं।





### चुन-चुन बदला लिया जाएगा



वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो जारी करते हुए लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर, चुन चुन कर बदला लिया जाएगा।

### भारत बदला लेना जानता है



रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, भारत बदला लेना जानता है। उन्होंने कहा, जिन बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, जिन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, उनका बदला ले लिया गया है। भारत माता की जय! जय भारत की सेना!

### देशवासियों को सुकून और ठंडकता का अनुभव हो रहा : नेताम



मंत्री राम विचार नेताम ने ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर कहा, आतंकियों ने न जाने कितनी बहनों के सिंदूर उजाड़े और पूरे देश का खून बदले के लिए खौल रहा था। आज जब सेना ने जवाब दिया है, तो देशवासियों को सुकून और ठंडकता का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा, जवानों ने अपनी वीरता का परिचय दिया है, उन्हें प्रणाम है।

### आतंकवाद को कब्र में पहुंचाने तक ये ऑपरेशन जारी रहेगा : तोखन

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा, आतंकियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया गया। आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया गया। आतंकियों के 9 ठिकानों पर हमला हुआ है। यही नया भारत है, मोदी सरकार का भारत है। जो कहते हैं, वो करते हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' हर एक के सिन्दूर का बदला है। आतंकवाद को कब्र में पहुंचाने तक ये ऑपरेशन जारी रहेगा। एक तरफ देश में आतंकियों से लड़ाई जारी है, तो वहीं प्रदेश में भी नक्सलियों से आरपार की लड़ाई चल रही





### पूरा देश वीर जवानों के साथ



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सोशल मीडिया पर लिखा, इंडियन आर्मी ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंक के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब दिया है। पूरा देश भारत के वीर जवानों के साथ खड़ा है। जय हिंद!

### भारतीय सेना के पराक्रम के लिए देशवासी रहेंगे सदैव आभारी

पूर्व मंत्री तथा कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ठिकानों को लक्ष्य करके किए गए हमलों को प्रशंसनीय कार्रवाई बताया है। उन्होंने



कहा, देशवासी भारतीय सेना के पराक्रम के लिए सदैव उसके आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा, आतंकी ठिकानों पर हमला पहलगाम में जान गंवाने वाले 26 बेकसूर नागरिकों को न्याय दिलाने किया गया है, इससे उन लोगों को भी न्याय मिलेगा जो पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद के कारण पीड़ित रहे हैं। भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान को सबक मिलेगा। उन्होंने पहलगाम हमले में प्राण गंवाने वाले 26 नागरिकों को शहीद का दर्जा देने की अपनी मांग दोहराई है।

### हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि- सिंहदेव

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी ट्विट कर भारतीय सेना के रुख का समर्थन किया। उन्होंने लिखा, भारत ने पाकिस्तान और पीओके से आने वाले



आतंकवाद के खिलाफ अडिग और निर्णायक रुख अपनाया है। राष्ट्रीय हित से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सरकार और सशस्त्र बलों को हर आवश्यक और सख़्त कदम उठाने में पूरा समर्थन दिया है। यह एकता और एकजुटता का समय है। उन्होंने भारतीय जवानों की बहादुरी और संकल्प को नमन करते हुए कहा, हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है।

### पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने भारतीय सेना के



साहसिक ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, पहलगाम की दर्दनाक घटना के बाद देश की जनता का मनोबल बढ़ाने और आतंक के खिलाफ सख़्त संदेश देने यह सटीक और साहसिक कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' अभिनंदनीय है।

## खबर संक्षेप



### रविन्द्रनाथ टैगोर को किया याद

**रायपुर।** गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर को राजधानी वासियों ने याद किया। उनके 164 वीं जयंती पर नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से टैगोर नगर चौक पर प्रतिमा के सामने आदरांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने राजधानीवासियों की गुरूदेव को नमन करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया।

इस कार्यक्रम में दक्षिण विधायक सुनील सोनी, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, सचिन मेघानी, वार्ड पार्षद स्वप्निल मिश्रा सहित गणमान्य जन शामिल हुये।

### बुद्ध पूर्णिमा पर मांस-मटन विक्रय प्रतिबंधित

**रायपुर।** 12 मई को राजधानी में बुद्ध जयंती के अवसर पर मांस - मटन का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से निगम सीमा क्षेत्र स्थित पशुवध गृह और सभी मांस-मटन विक्रय की दुकानों को इस दिन बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि 12 मई को सभी जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वच्छता निरीक्षक मांस- मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का पालन कराने संबंधित क्षेत्र की मानिटरिंग करेंगे।

## नवा रायपुर में जनजातीय संग्रहालय बनकर तैयार

# सीएम साय 14 को करेंगे लोकार्पण

9 करोड़ की लागत से हुआ है तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में जनजातीय संग्रहालय लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हो गया है, इस सग्रहालय में जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इस संग्रहालय का लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 मई को करेंगे।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि संग्रहालय में डिजिटल एवं एआई तकनीक के माध्यम से जनजातीय संस्कृति का भी प्रदर्शन होगा। उन्होंने आज संग्रहालय के शुभारंभ को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और सभी कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। यह संग्रहालय नवा रायपुर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में बनाया गया है। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने अधिकारियों को संग्रहालय के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री के हाथों नवनियुक्त छात्रावास अधीक्षक को नियुक्ति प्रमाण-पत्र भी प्रदान करने साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय के जेईई मेंस 2025 में क्वालिफाई करने वाले छात्रों का सम्मान कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के साथ जनजातीय संग्रहालय व्यस्थित रूप से रख-रखाव और यह आने वाले आगंतुकों के लिए आवश्यक व्यवस्था के संबंध में भी विचार-विमर्श किया। बैठक में आयुक्त डॉ सारांश मित्तर, टीआरटीआई के संचालक जगदीश कुमार सोनकर, उप सचिव बीएस राजपुत सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि विभागीय मंत्री रामविचार नेताम 01 मई को इस संग्रहालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।

### 14 गैलरियों में दिखेगी जनजातीय संस्कृति

*जनजातीय संग्रहालय में कुल 14 गैलरियां हैं, जिनमें जनजातीय जीवनशैली के सभी पहलुओं का बहुत ही खूबसूरत ढ़ंग से जीवंत प्रदर्शन किया गया है। इनमें जनजातियों के भौगोलिक विवरण, तीज-त्यौहार, पर्व-महोत्सव तथा विशिष्ट संस्कृति, आवास एवं घरेलू उपकरण, शिकार उपकरण, वस्त्र (परिधान) एवं आभूषण, कृषि तकनीक एवं उपकरणों, जनजातीय नृत्य, जनजातीय वाद्ययंत्रों, आग जलाने, लौह निर्माण, रस्सी निर्माण, फसल मिंजाई (पौधों से बीज अलग करना), कत्था निर्माण, चिवड़ा-लाई निर्माण, मंद आसवन, अन्न कुटाई व पिसाई, तेल प्रसंस्करण हेतु उपयोग में लाने जाने वाले उपकरणों व परंपरागत तकनीकों, सांस्कृतिक विरासत के अंतर्गत अबुझमाड़ियां में गोटुल, भुंजिया जनजाति में लाल बंगला इत्यादि, जनजातीय में परम्परागत कला कौशल जैसे बांसकला, काष्ठकला, चित्रकारी, गोदनाकला, शिल्पकला आदि का एवं अंतिम गैलरी में विषेष रूप से कमजोर जनजाति समूह यथा अबूझमाड़िया, बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर एवं राज्य शासन द्वारा मान्य भुंजिया एवं पण्डो के विशेषीकृत पहलुओं का प्रदर्शन किया गया है।*

# नगरीय निकायों ने जमा नहीं कराया 21.86 करोड़ का उपकर, 31 मार्च तक करना था अदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम के तहत नगरीय निकाय क्षेत्र में होने वाले सभी निर्माण पर भूमि की लागत को छोड़कर कुल राशि का एक प्रतिशत हिस्सा उपकर के रूप में श्रम विभाग को जमा कराने का प्रावधान है, लेकिन छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने इस साल की उपकर की बकाया राशि 21.86 करोड़ रुपए अब तक अदा नहीं की है। इस मामले में अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी निकायों को यह राशि तुरंत अदा करने कहा है।





### जारी किया आदेश

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त,सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को आदेश जारी कर बकाया उपकर की राशि अदा करने का है। विभाग ने निकायों को यह ब्योरा भी भेजा कि किस निकाय की कितनी राशि श्रम विभाग को दी जानी है।

### 31 मार्च तक जमा कराना था उपकर

भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम के तहत यह प्रावधान है कि निकाय क्षेत्र में होने वाले सभी निर्माण एवं अनुज्ञा स्वीकृति के बाद जमीन की लागत को छोड़कर निर्माण की कुल राशि का एक प्रतिशत हिस्सा उपकर के लिए वसूला जाता है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी है कि उपकर के रूप में काटी गई राशि 30 दिन के अंदर भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में जमा कराई जाए। अगर यह राशि समय पर नहीं अदा की गई तो 2 प्रतिशत मासिक तथा वार्षिक 24 प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा। लेकिन निकायों ने कुल मिलाकर निर्माण संबंधी परियोजनाओं में राशि 21.86 करोड़ रुपए मंडल में जमा नहीं कराए हैं। इस संबंध में मंडल ने निकायों के अवगत कराया था कि 31 मार्च तक यह राशि पेमेंट गेटवे सिस्टम के माध्यम से देनी है।

## आरडी तिवारी स्कूल में विभिन्न कार्यों के लिए राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आमापारा स्थित पंडित आर.डी. तिवारी उच्चतर माध्यमिक शाला में विभिन्न कार्यों के लिए एक करोड़ 60 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद संचालनालय द्वारा अधोसंरचना मद से यह राशि स्वीकृत की गई है।

इस राशि से स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, रंगाई, पोताई, वाशरूमों की मरम्मत, सेप्टिक टैंक निर्माण, पाइपलाइन की मरम्मत, खेल मैदान का विकास, फॉल्स-सीलिंग मरम्मत सहित अन्य कार्य किए जाएंगे।

## नई तारीख की घोषणा हालात सामान्य होने पर होगी

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली स्थगित, पायलट का दौरा भी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की राज्य स्तरीय 'संविधान बचाओ रैली' को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह रैली गुरुवार को बिलासपुर में आयोजित होने वाली थी, जिसमें प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट भी शिरकत करने वाले थे। पार्टी सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि देश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मौजूदा हालातों के मद्देनज़र कांग्रेस ने यह कदम उठाया है। रैली की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री उमेश पटेल को सौंपी गई थी, जो बिलासपुर से इसकी शुरुआत करने वाले थे, इसके बाद इसे सभी जिलों में आयोजित करने की योजना थी। पार्टी के अनुसार, यह निर्णय कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर लिया गया था, जिसे अब अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की घोषणा हालात सामान्य होने पर की जाएगी।



### जातीय जनगणना पर कांग्रेस की वैचारिक जीत

प्रदेश कांग्रेस का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जातीय जनगणना को लेकर अचानक बदला गया रुख एक 'राजनीतिक यू-टर्न' है। पार्टी का आरोप है कि जो भाजपा नेता पहले जातीय जनगणना को देश तोड़ने की साजिश कहते थे, वही अब इसे 'मास्टरस्ट्रोक' बता रहे हैं। कांग्रेस ने इसे अपनी वैचारिक जीत मानते हुए 'विजय सभा' के रूप में संविधान बचाओ रैली आयोजित करने का फैसला लिया था।

## खबर संक्षेप

### नई लोकल मेमू ट्रेन का स्टॉपेज जोरा में देने की मांग

रायपुर। पिछले दिनों नई लोकल मेमू ट्रेन जो कि अभनपुर से रायपुर और नया रायपुर तक शुरू की गई है उसका स्टॉपेज जनता जनार्दन की सुविधा के लिए जोरा में देने की मांग राज्यपाल से की है। यह मांग श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राजभवन जाकर राज्यपाल से की है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष द्रौपदी सूर्यवंशी ने बताया कि समिति के मांग पत्र में इस ओर ध्यान आकर्षित किया गया है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का मुख्यालय इसी जोरा क्षेत्र में स्थापित है जहां पर देशव्यापी और संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के कोने-कोने से विद्यार्थी वर्ग और उनके माता-पिता और अभिभावक, सेवारत और सेवा मुक्त कृषि वैज्ञानिकों और कर्मचारियों के परिवारों का अधिकतर आना-जाना लगा रहता है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल से भी इसी संबंध में श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा का प्रतिनिधि मंडल मिलकर मांग-पत्र प्रस्तुत करेगा।

### तीन दिवसीय गुरु कबीर ज्ञानोदय बाल शिविर 10 से

रायपुर। नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहब की प्रेरणा से तीन दिवसीय 10 से 12 मई तक गुरु कबीर ज्ञानोदय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कबीरपंथ समाज द्वारा अमलेश्वर धाम में लगाया जाएगा। शिविर महंत दीपक दास साहेब एवं संत पवन दास के सानिध्य में होगा, जोकि पूर्णतः निशुल्क है। शिविर में 10 वर्ष से 15 वर्ष तक के बालक-बालिकाएं शामिल हो सकती है, बालवृंद को कबीरपंथ की शिक्षा एवं संस्कार से अवगत कराने के लिए यह कार्यक्रम विगत 3 वर्ष से प्रदेश के सभी क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है, इसमें अनेक संत, महंत, गुरुजनों द्वारा बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए प्रयास किया जाएगा।

### निधन

### रमेश भागवतकर

रायपुर। अश्विनी नगर निवासी



रमेश भागवतकर का 7 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 मई को सुबह 10:30 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अजय व अभय भागवतकर के पिता थे।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की समीक्षा, कंपनी को दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बुधवार को सचिव परिवहन सह परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश एवं अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर द्वारा राज्य में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त श्रेणी के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए समस्त क्षेत्रीय, जिला परिवहन अधिकारियों एवं अनुबंधित कम्पनियों मेसर्स रोजमार्टा एवं रियल मेजॉन के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक ली गयी। बैठक में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में पूर्व समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

## परिवहन सुविधा केन्द्रों को भी जोड़कर कार्य में तेजी लाएं

### आवेदकों को न हो परेशानी

बैठक में निर्देशित किया गया कि अनुबंधित कम्पनियां इस बात का विशेष ध्यान रखें की आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आवेदकों को बहुत ही सरल, सुलभ तरीके से उनके पंजीकृत वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की व्यवस्था की जाए। किसी प्रकार के अनावश्यक विलंब होने की स्थिति में आवेदकों को पहले ही सूचित कर दिया जाए। बैठक में जानकारी दी गयी कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर अनुबंधित कम्पनी रियल मेजोन के सम्पर्क नम्बर +911206457502, +911206457503 एवं रोजमाटा कम्पनी के सम्पर्क नम्बर +91-9818188721 पर सम्पर्क किया जा सकता है।




### स्थायी कैंप लगाएं

वर्चुअल समीक्षा बैठक में जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत नंबर प्लेट फिटिंग सेंटर का अवलोकन करें तथा साथ ही इस कार्य में परिवहन सुविधा केन्द्रों को भी जोड़कर कार्य में तेजी लाएं। परिवहन कार्यालयों में नंबर प्लेट हेतु स्थाई कैम्प लगायें तथा मोबाईल टीम जिला परिवहन अधिकारियों के निर्देशानुसार महत्वपूर्ण स्थानों/लोकेशन में नंबर प्लेट लगाने के कार्य संपादित करें। मीटिंग में परिवहन विभाग की ओर से यूबीएस. चौहान संयुक्त परिवहन आयुक्त, मनोज ध्रुव उप परिवहन आयुक्त, युगेश्वरी वर्मा सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तथा राज्य के सभी वरिष्ठ क्षेत्रीय, जिला परिवहन अधिकारी भी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु अनुबंधित कम्पनी रियल मेजोन की ओर से आशीष मिश्रा तथा रोजमाटा की ओर से अशोक शर्मा शामिल हुए।

### कंपनी से कहा काम में लाएं तेजी

वर्चुअल बैठक में अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को कार्य में तेजी लाने हेतु मैनपॉवर बढ़ाने, फिटमेंट सेंटरों की संख्या में वृद्धि करने के साथ प्रत्येक जिले के आरटीओ/डीटीओ को कंपनियों के साथ कैम्प टीम / शिविर लगाने और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट निर्माण सेंटर बढ़ाने के निर्देश दिये गये। अनुबंधित कंपनियों के अधिकृत टीम लीडर / स्टॉफ आवेदकों से उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क कर अथवा एसएमएस के माध्यम से नंबर प्लेट फिटिंग की जानकारी दे, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। नंबर प्लेट फिटिंग सेंटर में आवेदकों के बैठने, पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी किये जाने के निर्देश दिए गए।

## दुर्ग की कंपनी को मिला टेंडर, मार्ग में डेढ़ लाख से ज्यादा वाहनों का रहता है दबाव


# ट्रैफिक दबाव, हादसे पर अंकुश लगाने जरवाय मार्ग पर साढ़े 13 करोड़ की लागत से बनेगा नया ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रिंग रोड दो का क्षेत्र औद्योगिक होने के साथ इस क्षेत्र में कई नई कालोनियां विकसित हो गई हैं, जिसकी वजह से इस मार्ग पर ट्रैफिक दबाव बढ़ने के साथ आए दिन एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग ने हीरापुर-जरवाय मार्ग स्थित बंगाली ढाबा के पास ओवरब्रिज बनवाने का निर्णय लिया है, जिसका टेंडर भी जारी हो गया है। ओवरब्रिज निर्माण करने का टेंडर दुर्ग स्थित मिश्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी के मिथिलेश मिश्रा को मिला है।

■ वर्क आर्डर जारी होने के बाद शुरू होगा निर्माण कार्य

रिंग रोड दो में ओवरब्रिज बनाने निविदा राशि 15 करोड़ 43 लाख रुपए थी। 12.49 प्रतिशत बिलो राशि में ओवरब्रिज निर्माण करने स्वीकृति प्रदान की गई है। विभागीय अफसरों के अनुसार ओवरब्रिज निर्माण करने लोक निर्माण विभाग ने कार्यपालन अभियंता, सेतु निर्माण संभाग को कार्यादेश भी जारी कर दिया है। ब्रिज निर्माण करने फाउंडेशन टेस्ट की प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली गई है। रिंग रोड दो में ब्रिज निर्माण होने के बाद पांच लाख से ज्यादा की आबादी को इसका लाभ मिलेगा।



### इसलिए किया जा रहा ओवरब्रिज निर्माण

बंगाली होटल चौक, हीरापुर चौक के साथ कबीर नगर चौक के पास पूरे दिन ट्रैफिक का दबाव रहता है। ट्रैफिक दबाव का सबसे ज्यादा असर जरवाय मार्ग पर रहता है। इसके कारण इस मार्ग पर आए दिन एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं। औद्योगिक क्षेत्र होने की वजह से पूरे दिन इस मार्ग में भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है। इस वजह से मार्ग में ट्रैफिक का दबाव कम करने इस मार्ग पर ओवरब्रिज निर्माण करने का निर्णय लिया गया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार इस मार्ग पर पूरे दिन डेढ़ लाख से ज्यादा वाहनों का दबाव रहता है।

### दो और ब्रिज बनाने की योजना

रिंग रोड-2 में ट्रैफिक का दबाव कम करने तथा एक्सीडेंट रोकने जरवाय मार्ग पर ओवरब्रिज निर्माण करने के साथ ही हीरापुर चौक पर साढ़े 34 करोड़ तथा सरोरा चौक पर 36 करोड़ रुपए की लागत से ओवरब्रिज निर्माण करने की योजना है। दस किलोमीटर लंबे रिंग रोड दो में गोगांव मोड़ से लेकर गोंदवारा चौक और सरोरा मोड़ पर भी ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। इस वजह से इस मार्ग पर रिंग रोड-1 में बने पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर से लेकर रायपुरा, कुशालपुर, भाठागांव टाटीबंध जाने वाले मार्ग पर फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। जानकारों ने एक्सीडेंट के साथ ट्रैफिक दबाव कम करने उसी तर्ज पर ओवरब्रिज निर्माण करने पैरवी की है।

## शहीद स्मारक भवन में लगा समाधान शिविर

# कई शिकायत-समस्या और मांगों का किया निराकरण



रायपुर। राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में बुधवार को समाधान शिविर लगाया गया। इस शिविर में नगर निगम क्षेत्र के वार्डों से पूर्व में समस्या, शिकायत एवं मांगों को लेकर किए गए आवेदनों में बहुतों का निराकरण किया गया। इस शिविर में विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, कलेक्टर गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जोन-2 के 7 वार्डों में लगे शिविरों में आए आवेदनों का निराकरण

सुशासन तिहार के प्रथम चरण में जोन 2 के 7 वार्डों में लगे शिविरों में कुल 3583 आवेदन किए गए हैं। इनमें 3420 समस्या एवं मांगें तथा 163 शिकायतें की गईं। इन आवेदनों के निराकरण के लिए शहीद स्मारक भवन में समाधान शिविर लगाया गया, जिसमें कई लोगों की समस्या एवं मांग के साथ शिकायत का भी निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि पहले चरण के शिविरों में जिलेभर से 3 लाख से ज्यादा आवेदन आए हैं। इनमें समस्या, शिकायत के अलावा मांगे भी शामिल है। इन सभी आवेदनों के निराकरण करने के लिए अब समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं।

# मठपुरैना के काठाडीह साइट पर 150 आवास के लिए 639 आवेदन

रायपुर। नगर निगम जोन 6 क्षेत्र मठपुरैना के काठाडीह साइट पर प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक भागीदारी में किफायती आवास स्कीम में 150 रिक्त आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाये गये। इसमें 639 आवेदकों ने आवेदन किये। दस्तावेज परीक्षण के बाद इनमें से पात्र पाए गये 150 हितग्राहियों का लाटरी निकालकर चयन किया गया। 9 मई तक चयनित हितग्राहियों को प्रथम किस्त के रूप में 35 हजार रुपये की राशि जमा करानी होगी। नगर निगम द्वारा भागीदारी में किफायती आवास स्कीम में मठपुरैना के काठाडीह साइट पर 150 ईडब्लूएस आवास आवंटन के लिए आवेदन मंगाये। इसमें निर्धारित संख्या से चार गुना से ज्यादा आवेदकों ने शहर के अलग-अलग इलाकों से ऑनलाइन आवेदन किये। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि पात्र हितग्राहियों की सूची बनाकर उन्हें सूचना दी गयी। इसके बाद आवास आवंटन के लिए गांधी सदन के सभागार में लाटरी निकाली गयी। शेष पात्र पाये गये आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

■ महात्मा गांधी सदन सभागार में लाटरी निकालकर आवास आवंटन

## तेलीबांधा तालाब से मैग्नेटो मॉल होते रिंग रोड तक हटाया गया अतिक्रमण

रायपुर। निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम, तेलीबांधा थाना टीआई, यातायात पुलिस ने बुधवार को तेलीबांधा तालाब से मैग्नेटो मॉल होते रिंग रोड तक अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया। इस दौरान 50 से अधिक ठेला-गुमटियों को हटाया गया।



15 से अधिक शेड तोड़े गये, कूलर, पंखे सहित अन्य सामान को सड़क से हटाकर यातायात सुव्यवस्थित किया गया। टीम प्रहरी ने आम जनता को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने तेलीबांधा मरीन ड्राइव में दुकानदारों द्वारा सड़क पर अवैध कब्जा जमाकर बनाये गये 15 शेड को थ्रीडी मशीन से तोड़ने और सड़क कब्जामुक्त करने कार्यवाही की गयी। वहीं मुख्य मार्ग पर सड़क पर बेजा कब्जा कर रखे गये कूलर, पंखे सहित अन्य सामानों को सड़क से हटाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, के निर्देश पर निगम के अपर आयुक्त पंकज शर्मा, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, सहायक अभियंता सोहन गुप्ता, उप अभियंता अमित सरकार सहित पुलिस बल की उपस्थिति में चलाया गया।

# कांट्रैक्टर के सिर पर पाइप मारकर हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में खाना खर्चा देने में देर होने के नाम पर ठेकेदार के सिर पर लोहे का पाइप मारकर हत्या करने के आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ठाकुर के कोर्ट में हुई है।

■ दो वर्ष पूर्व टिकरापारा थाना क्षेत्र की घटना

लोक अभियोजक बसंत गोंड़ के मुताबिक रमेश उर्फ बालाजी मुरमे की हत्या के आरोप में रोमन लाल कन्नौजे को कैद की सजा सुनाई गई है। रमेश के साथ पेटी कांट्रैक्टर के रूप में कार्य करने वाले लक्ष्मीनारायण देवांगन ने कोर्ट में बताया कि घटना दिनांक को वह रमेश के साथ दोपहिया पर सवार होकर सुमित कांपलेक्स पहुंचा। कांपलेक्स में मजदूरी का कार्य रहे रोमन का रमेश के साथ खाना खर्चा देने में देर होने की बात को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान रोमन ने पास पड़े लोहे के पाइप से रमेश के सिर पर वार कर दिया। सिर पर चोट लगने की वजह से रमेश जमीन पर गिर गया। इस दौरान रोमन ने रमेश के सिर पर पाइप से दोबारा हमला किया। इससे रमेश की मौके पर ही मौत हो गई। रमेश की हत्या के बाद रोमन ने लक्ष्मीनारायण को मारने के लिए दौड़ाया।



## पेज 11 के शेष ...

### सुपरफास्ट की रफ्तार...

बात दें कि रायपुर से अप और डाउन 17 ट्रेनें चक्रधरपुर रेल मंडल से होकर गुजरती हैं, जिनमें दर्जनभर ट्रेनें औसतन विलंब से हैं। मंगलवार को भी सुपरफास्ट एक्सप्रेस समय पर नहीं पहुंची। यात्रा के दौरान जहां यात्री कोच में गर्मी और थकान से परेशान हैं, वहीं स्टेशन पर इंतजार कर रहे लोगों की भी हालत खराब है। लगातार देरी से चल रही ट्रेनों से कामकाजी यात्रियों का शेड्यूल बिगड़ रहा है और छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। इसके चलते लोगों की यात्रा योजनाएं अधर में लटक गई हैं।

### टेमरी के बाद बेंद्री में डायरिया...

समस्या से पीड़ित हुए थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद वहां स्थिति को नियंत्रित किया है। इस बीच अभनपुर के ग्राम बेंद्री में डायरिया की शिकायत सामने आई है। बताया जाता है कि पिछले दिनों आंधी तूफान की वजह से गांव में विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई थी। इसकी वजह से वहां जलापूर्ति प्रभावित हुई थी। गांव के लोगों ने आसपास के सार्वजनिक जल स्त्रोतों से पेयजल की व्यवस्था की थी। आशंका है कि सार्वजनिक जल स्त्रोत दूषित था, जिसकी वजह से गांव के लोग बीमार पड़ गए। पिछले चार दिनों में वहां 30 से ज्यादा लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वहां शिविर लगाकर लोगों का इलाज किया और दर्जनभर को इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया।

### धूप के साथ बढ़ने लगी गर्मी...

रही है। अब मध्य इलाके के मौसम में बदलाव के लिए किसी तगड़े सिस्टम के बनने का इंतजार करना होगा। दिन में पारा वृद्धि की ओर अग्रसर है, मगर रात में गर्मी से अभी कुछ और दिन राहत मिलने की संभावना है। बारिश की वजह से आई ठंडकता के कारण न्यूनतम तापमान सामान्य से कम है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक अभी तापमान में बढ़ोतरी का दौर जारी रहेगा, मगर सरगुजा और बस्तर संभाग में बारिश की संभावना बनी हुई है। इस बीच एक दो स्थानों पर अंधड़ जैसी स्थिति भी बन सकती है।

### बागी पार्षदों ने लिया...

अब कौन होगा, इस पर सस्पेंस अभी बना हुआ है। दरअसल, निगम के नेता प्रतिपक्ष चयन विवाद के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट के अल्टीमेटम के बाद बागी पार्षदों की प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात और उनसे हुई चर्चा के बाद 5 कांग्रेसी पार्षदों ने पार्टी से अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। नेता प्रतिपक्ष विवाद तूल पकड़ने के बाद प्रभारी महासचिव सचिन पायलट की नाराजगी का असर राजधानी में देखने को मिला। पायलट ने 7 मई की शाम तक मामला सुलझा लेने का अल्टीमेटम दिया था। सूत्रों के मुताबिक पीसीसी अध्यक्ष सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने इस मामले में प्रयास किया। वहीं वरिष्ठ नेताओं ने बागी पांच पार्षदों से चर्चा की।

### 5 पार्षदों ने दिया...

तिवारी, अर्जुमन-एजाज ढेबर और शेख मुसीर इस मामले में तटस्थ रहे। नेता प्रतिपक्ष चयन विवाद को लेकर पार्टी की जमकर किरकिरी भी हुई।

### कोल घोटाले में रामगोपाल...

एक पुराने केस का कोर्ट में उदाहरण पेश करते हुए बताया कि अन्वेषण के दौरान भी ऐसे वारंट जारी किए जा सकते हैं। इस पर अदालत ने सहमति जताते हुए चारों के खिलाफ गैरजमानती बेमियादी वारंट जारी कर दिया। लंबे समय से फरार चल रहे रामगोपाल अग्रवाल सहित चारों को अब अग्रिम जमानत जैसी कानूनी राहत मिलना मुश्किल होगी।

### पूर्व विधायक, कारोबारी...

अपार्टमेंट निवासी राजकमल सिंघानिया के बेटे रिषि राज सिंघानिया ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। रिषि ने पुलिस को बताया है कि मोबाइल 9118677517 के धारक ने उसके पास 27 अप्रैल को कॉल कर पैसों की मांग की। पैसा नहीं देने पर कॉल करने वाले ने रिषि को सार्वजनिक रूप से बदनाम करने की धमकी देकर किसी दूसरे की अश्लील फोटो एडिट कर रिषि के पास भेजा और कारोबारी के बेटे को फोटो, वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट कर बदनाम करने की धमकी दी। पुलिस अकाउंट तथा मोबाइल नंबर के आधार पर जालसाज की पतासाजी कर रही है।

## //सूचना//

(ग्राम - डोमा प.ह.न. - 84 रा. नि. मं. - रायपुर - 18 - कांदुल तहसील व जिला - रायपुर छ. ग. में स्थित भूमि खसरा नं- 196 / 83 रकबा 0.0.0230हे. अर्थात - 2520 वर्गफीट कृषि भूमि के संबंध में)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती निसरिन हुसैन पति - श्री परमेश्वर सोनकर एवं श्री परमेश्वर सोनकर पिता - श्री प्रभुराम सोनकर दोनो निवासी - 261 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्रीमती लीना पारख पति - उज्जवल पारख निवासी पारख सदन डाबा गार्डन विशाखापटनम आन्ध्रप्रदेश के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम - डोमा प.ह.न. - 84 रा.नि.मं. - रायपुर - 18 - कांदुल तहसील व जिला - रायपुर छ. ग. में स्थित भूमि खसरा नं- 196 / 83 रकबा 0.0230 हे. अर्थात - 2520 वर्गफीट कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है, तथा शेष संव्यवहार एवं पंजीयन / रजिस्ट्री की कार्यवाही बाकी है।

अतः उक्त सौदे पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासन एवं प्रशासन इत्यादि को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपने आपत्ति दर्ज करावे, मियाद बाद उपरोक्त संपत्ति का संव्यवहार कर बैनामा पंजीयन / रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तथा मियाद बाद प्रस्तुत की गयी आपत्ति उजर या दावा झूठी व विधि विरूद्ध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा,।

सो सूचना जाने

स्थान : रायपुर
दिनांक : 07/05/ 2025

भवदीय
लकेश्वर चन्द्राकर अधिवक्ता

## //सूचना//

(ग्राम - डोमा प.ह.न. - 84 रा. नि. मं. - रायपुर - 18 - कांदुल तहसील व जिला - रायपुर छ. ग. में स्थित भूमि खसरा नं-196 / 84 रकबा 0.0240हे. अर्थात - 2621 वर्गफीट कृषि भूमि के संबंध में)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती निसरिन हुसैन पति - श्री परमेश्वर सोनकर एवं श्री परमेश्वर सोनकर पिता - श्री प्रभुराम सोनकर दोनो निवासी - 261 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्रीमती नीता पारख पति - यशवंत पारख निवासी पारख सदन डाबा गार्डन विशाखापटनम आन्ध्रप्रदेश के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम - डोमा प.ह.न. - 84 रा.नि.मं. - रायपुर-18 - कांदुल तहसील व जिला - रायपुर छ. ग. में स्थित भूमि खसरा नं- 196 / 84 रकबा 0.0240हे. अर्थात - 2621 वर्गफीट कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है, तथा शेष संव्यवहार एवं पंजीयन / रजिस्ट्री की कार्यवाही बाकी है।

अतः उक्त सौदे पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासन एवं प्रशासन इत्यादि को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपने आपत्ति दर्ज करावे, मियाद बाद उपरोक्त संपत्ति का संव्यवहार कर बैनामा पंजीयन / रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तथा मियाद बाद प्रस्तुत की गयी आपत्ति उजर या दावा झूठी व विधि विरूद्ध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने

स्थान : रायपुर
दिनांक : 07/05/ 2025

भवदीय
लकेश्वर चन्द्राकर अधिवक्ता

## :: आम सूचना ::

**खरीदी बिक्री में आपत्ति बाबत्**
**ग्राम- जोरा, प.ह.नं.- 112, स्थित भूमि के संबंध में**

मैं अपने पक्षकार श्रीमती रेखा त्यागी पति सूर्यकांत त्यागी द्वारा मुख्त्यारआम श्रीमती शारदा देवी पति श्री शौराज सिंह पता ग्राम खरखौद, जिला मेरठ उत्तर प्रदेश से अधिकृत एवं निर्देशित होकर ग्राम जोरा, प.ह.नं. 112 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नम्बर 275, 276/1, 286, 271/1, 271/2, 274/1 कुल खसरा 06 कुल रकबा 2.158 हे एवं खसरा नंबर 277, 284/3, 285, 276/2, 276/3 कुल खसरा 05 कुल रकबा 2.923 हे. भूमि के संबंध में खरीदी बिक्री पर निम्नानुसार आपत्ति प्रकाशित करती हूं। यह कि उपरोक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार के पक्ष में हरिसिंह त्यागी ने अपने जीवनकाल में एक वसीयतनामा दिनांक 12/06/2006 को निष्पादित किये थे किन्तु मेरे पक्षकार के जानकारी के बिना उक्त भूमि में अमरनाथ त्यागी पिता स्व. मंगत राम त्यागी ने अपना नाम दर्ज करा लिया है जिसके विरूद्ध मेरे पक्षकार एवं अमरनाथ त्यागी पिता स्व. मंगत राम त्यागी के मध्य न्यायालयीन प्रकरण श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी रायपुर के समक्ष लंबीत है तथा अमरनाथ त्यागी विरूद्ध रेखा त्यागी प्रकरण न्यायालय श्रीमान आयुक्त रायपुर के समक्ष लंबीत है।

यह कि मेरे पक्षकार को अभी कुछ दिनों पूर्व जानकारी प्राप्त हुई है कि अमरनाथ त्यागी पिता स्व. मंगत राम त्यागी के द्वारा तथ्य को छुपाते हुये की उक्त भूमि के संबंध में न्यायालयीन प्रकरण विचाराधीन है, उक्त भूमि को विक्रय किये जाने के लिये दलालों के माध्यम से बातचीत कर रहें हैं, जबकि उपर बताए अनुसार उक्त भूमि को न्यायालयीन प्रकरण विचारधीन होने से उसे विक्रय करने का कोई विधिक अधिकार नही है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि के संबंध में किसी भी तरह से संव्यवहार न करें, यदि उसके बाद भी कोई व्यक्ति कोई संव्यवहार करते है तो उन्हें भूमि पर कोई स्वत्व व आधिपत्य की प्राप्ति नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक-
स्थान- रायपुर छ.ग.

भवदीय
भरत खाखरिया (अधिवक्ता)
पता- होटल लक्ष्य रायपुर छ.ग.
मो. नं.- 9425202887

## नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता सबा अहमद पति शोएब अहमद कुरैशी, निवासी क्वा. नं. 1/एफ स्ट्रीट नं. 4, जोन-3, सेक्टर-11, भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं कि:-

1. यह कि मैं जब कुमारी थी उस समय मेरा नाम सबा पिता मोहम्मद असलम निवासी एच.नं. 7/396, बैजनाथ पारा, रायपुर, छ.ग. के नाम से जानी व पहचानी जाती थी।
2. यह कि अब मेरा विवाह (शादी) दिनांक 14-10-2021 को शोएब अहमद कुरैशी निवासी क्वा.नं. 1 एफ, स्ट्रीट नं. 4, जोन-3, सेक्टर-11, भिलाई, जिला दुर्ग छ.ग. वाले के साथ होटल वेलिंग्टन, जेल रोड रायपुर छ.ग. मे सम्पन्न हो चुका है।
3. यह कि अब में उक्त विवाह के बाद अपना नाम बदलकर सबा अहमद पति शोएब अहमद कुरैशी रख लिया गया है।
4. यह कि अब मैं सबा पिता मोहम्मद असलम के स्थान पर श्रीमती सबा अहमद पति शोएब अहमद कुरैशी के नाम से जानी व पहचानी जाती हूं तथा भविष्य में मुझे सबा अहमद पति शोएब अहमद कुरैशी के नाम से जाना व पहचाना जावे।

अतः श्रीमती होने का उक्त शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ती
सबा अहमद

**पत्र क्र. /18952/न.पा.नि./जोन क्र.-10/ 2025, रायपुर, दिनांक 26/04/2025**

## //इश्तिहार//

**नामंतरण प्र.क्र. 18952**
**वार्ड का नाम - 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651J00996 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MUKESH KUMAR KATHAL पिता/पति श्री/श्रीमती AMARLAL KATHAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती Jaipal Singh पिता/पति श्री/श्रीमती S/o Goverdhan Singh ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जारी करें।

श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन - 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

## आम सूचना

**दिनांक 25/05/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार पिता/पति सिंरनाथ निवासी गोमची की ग्राम प.ह.नं. 38 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 146/1, 156/, रकबा 0.1620, 0.2020 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक..../तह/2025 आदेश दिनांक 27/03/2025 के परिपालन में दिनांक 27/05/2025 को समय 11.30 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 38 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 (धनेली)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

## आम सूचना

**दिनांक 05/05/2025**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम यादव पिता/पति बैशाखू निवासी हथबंद की ग्राम प.ह.नं. 33 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 129/2, रकबा 0.0360 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक..../तह/2025 आदेश दिनांक 26/11/2024 के परिपालन में दिनांक 27/05/2025 को समय 12.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 33 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 (धनेली)

## उद्घोषणा

**क्रमांक 4956/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर, दिनांक 06/05/2025**

प्राधिकरण की शैलेन्द्र नगर योजनान्तर्गत श्री विरेन्द्र कुमार जैन पिता श्री देव कुमार जैन को दुकान क्रमांक एस-09 रकबा 143 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◂ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर, सिविल सोसायटी ने माना आभार

**रायपुर।** जन भावना का आदर करते हुए पहलगाम आंतकी हमले के बदले चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार माना है। सोसायटी के संयोजक डा. कुलदीप सोलंकी ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ को पत्र लिखकर कहा है कि जल्दी ही आम जनता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। सिविल सोसायटी के डाक्टर एवं अन्य सदस्य किसी भी आपदा में कहीं भी, कभी भी सेवा देने हेतु हमेशा तत्पर है।

### 'एप्सो' आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में सरकार के साथ

**रायपुर।** अखिल भारतीय शांति एवं एकता संगठन की छत्तीसगढ़ राज्य इकाई ने आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को निशाना बनाकर किए गए सैन्य अभियान का समर्थन किया है। उनके द्वारा भारतीय नागरिकों के जीवन को खतरे में डालने वाले खतरों को बेअसर करने में भारतीय सैन्य बलों की व्यावसायिकता और सटीकता की सराहना करती है। एप्सो राज्य इकाई के सचिव अरुण कान्त शुक्ला ने कहा कि एप्सो हमेशा से कहता आया है कि दक्षिण एशिया में शांति का दीर्घकालिक समाधान संघर्ष के मूल कारणों को संबोधित करने में निहित है। आतंकी शिविरों का विनाश हिंसा की ताकतों के लिए एक झटका है।

### अधर्म में रुचि होने से होता है दुख : इंदुभवानंद



**रायपुर।** विधानसभा आवासीय परिसर जीरो पॉइंट में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में पूज्य यतिप्रवर 1008 डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने बताया कि अधर्म में रुचि होने से दुख की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत के विदुर मैत्रेय संवाद को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि, मनुष्य जब दुखी होता है तब घबराता है, लेकिन उसे घबराना तो तब चाहिए जब वह दुखजनक काम करता है। चोरी करते समय तो मनुष्य घबराते नहीं है, जब सजा मिलती है, तब घबराता है, इसलिए दुख से बचने का उपाय दुखजनक कर्मों का परित्याग ही है, जब तक आप दुख जनक कर्मों का पर त्याग नहीं करेंगे, तब तक आप कदापि सुखी नहीं रह सकते है। कथा के पूर्व शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वानों ने वेदी पूजन संपन्न कराया तथा यजमान प्रभाकर मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी सुलोचना मिश्रा ने पोथी का पूजन कर आरती की। उन्होंने कहा कि वास्तव में सुख दुख मन का धर्म है, मन के प्रसन्न रहने से सुख की प्राप्ति होती है और मन के दुखी रहने से दुख की प्राप्ति होती है। सुख दुख किसी भी वस्तु से नहीं मिलता है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, केस दर्ज

रायपुर। सिविल लाइंस पुलिस ने एक्सीडेंट में एक युवक की मौत के मामले में जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 11 मार्च को राजातालाब के पास एक्सप्रेस-वे ब्रिज पर हुई थी। मनीष शिंदे निवासी बच्चन कॉलोनी गुढ़ियारी का रहने वाला था। घटना के समय मृतक एक्टिवा से जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस घटना की जांच के बाद धारा 106 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मकान में धावा, 96 हजार के जेवर पार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में एक मकान में चोरी हो गई। प्रार्थी खेमिन ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 मार्च से लेकर 29 अप्रैल के दौरान उसके कुकुरबेड़ा स्थित मकान में कोई चोर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने के जेवर चोरी कर ले गया। चोरी गए जेवर की कीमत लगभग 96 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है।

# आरंग-नवा रायपुर के पंजीयन कार्यालय में नया सिस्टम दे रहा राहत, रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले के आरंग और नवा रायपुर के पंजीयन कार्यालय में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 10 नई सुविधाओं का सिस्टम शुरू किया जाना है। इन नई सुविधाओं में फिलहाल नामांतरण की सुविधा शुरू की गई है, जिसके तहत अब रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण भी होने लगे हैं।

इस सुविधा के शुरू होने से लोगों को अब पटवारी एवं तहसीलदार के दफ्तर का चक्कर काटना भी बंद हो गया है। रजिस्ट्री होते ही क्रेता के नाम पर सारे दस्तावेज ऑनलाइन चढ़ रहे हैं। इससे पहले रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रक्रिया तहसील कार्यालय से होती थी, जिसमें कई हफ्ते-महीने तक लग जाते थे।

### बटांकन के साथ रजिस्ट्री

आरंग और नवारायपुर में नए सिस्टम के तहत अब बटांकन के साथ भी रजिस्ट्री और फिर नामांतरण होने लगे हैं। विभागीय अधिकारी के अनुसार नए सिस्टम में भूइया पोर्टल भी अटैच है, जिसमें बटांकन का ऑप्शन भी है। इस तरह एक खसरा नंबर की भूमि का बटांकन के साथ भी रजिस्ट्रियां हो रही है, जिससे लोगों को अब अलग से बटांकन कराने की भी जरूरत नहीं है, क्योंकि बटांकन भी आवेदन के अनुसार ऑटोमेटिक हो रहा है।

### तीन दिन में 60 से अधिक रजिस्ट्रियां



### रजिस्ट्री के साथ नामांतरण भी हो रहे

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिले के आरंग और नवारायपुर पंजीयन कार्यालय में नामांतरण की सुविधा शुरू की गई है। अब तक दोनों पंजीयन कार्यालयों में 60 से अधिक रजिस्ट्रियां हुई है, जिनके नामांतरण भी हो चुके है।

- **विनोज कोचे,** मुख्य पंजीयक रायपुर

### तीन दिन में 60 से अधिक रजिस्ट्री, सभी के नामांतरण भी हुए

आरंग और नवा रायपुर के पंजीयन कार्यालय में नामांतरण करने की सुविधा 5 तारीख से शुरू की गई है। इन तीन दिनों में इन दोनों पंजीयन कार्यालय में 60 से अधिक रजिस्ट्री हो चुकी हैं। इनमें आरंग में 52 एवं नवा रायपुर में 14 रजिस्ट्री हुई है। रजिस्ट्री होने के तुरंत बाद सभी के नामांतरण भी हो गए। इस तरह जिसके नाम पर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री हुई है, उसका रिकार्ड भी ऑनलाइन चढ़ गया है।

## उच्च प्राथमिक क्षेत्र का पर्यावरण संरक्षण-प्रदूषण नियंत्रण करने दो साल में एक भी कार्य को मंजूरी नहीं

# डीएमएफ फंड का दुरुपयोग, दो क्षेत्रों में ही खर्च कर दी 85 प्रतिशत राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एक ओर जहां पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर भारत सरकार द्वारा कई तरह के जागरूकता अभियान से लेकर विभिन्न योजना अंतर्गत कार्य किए जाते हैं। इन्हीं योजना में से एक प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) भी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक तथा आर्थिक प्रभाव को कम करना है, ताकि उस क्षेत्र के लोगों के लिए लंबे समय तक रोजगार भी मिल सके। गौर करने वाली बात यह है कि इस योजना के तहत जरूर खनन प्रभावित क्षेत्र को तथा वहां रहने वाले लोगों को लाभान्वित करना है, लेकिन पिछले करीब दो साल से इस योजना के तहत रायपुर जिले में एक भी ऐसे कार्य को मंजूरी नहीं दी गई है, जिससे खनिज प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरण को संरक्षण या फिर प्रदूषण को नियंत्रण किया जा सके।

### अफसरों की मनमानी, दो क्षेत्रों से संबंधित कार्यों पर ही खर्च कर दी 85 फीसदी राशि

पीएमकेकेके योजना के लिए जारी डीएफएम फंड की राशि का उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अलावा अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से संबंधित कार्यों पर भी खर्च करना था, लेकिन विभागीय अफसरों की मनमानी के चलते सिर्फ दो क्षेत्र शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित कार्यों पर ही 85 प्रतिशत राशि को स्वीकृति दे दी गई। इसमें स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र से संबंधित 24 कार्यों को स्वीकृति दी गई है।

### मद का 70 प्रतिशत राशि उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में किया जाना है व्यय

भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के लिए जारी होने वाली डीएमएफ मद की कुल राशि का 70 प्रतिशत हिस्सा उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, कौशल विकास और स्वच्छता में किया जाना है, वहीं बाकी 30 प्रतिशत राशि अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में जैसे भौतिक अवसंरचना, सिंचाई, कृषि एवं अन्य संबंधित गतिविधियां, वृद्ध-निशक्त जन के कल्याण, ऊर्जा और वाटरशेड विकास, उप नियम-2 से संबंधित कार्य आदि में किया जाना है, लेकिन इस योजना में इस गाइड लाइन का भी जमकर उल्लंघन किया गया है।

### अब तक सेक्टरवार स्वीकृत कार्य-राशि एवं अपूर्ण कार्य का विवरण

| क्षेत्र | स्वीकृत कार्य | राशि लाख में | अपूर्ण कार्य |
|---|---|---|---|
| पेयजल | 76 | 251.86 | 28 |
| पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण | 80 | 627.76 | 8 |
| स्वास्थ्य देखभाल | 151 | 3022.05 | 38 |
| शिक्षा | 740 | 10391.81 | 183 |
| महिला एवं बाल कल्याण | 79 | 971.24 | 9 |
| कृषि एवं अन्य संबंध गतिविधियां | 93 | 1402.64 | 25 |
| वृद्ध और निःशक्तजन के कल्याण | 2 | 16.20 | 1 |
| कौशल विकास एवं रोजगार | 31 | 598.59 | 12 |
| स्वच्छता | 25 | 360.59 | 4 |

### इन क्षेत्रों में एक भी कार्य स्वीकृत नहीं

पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, पेयजल आपूर्ति, वृद्ध और निःशक्त जन के कल्याण, जनकल्याण, सतत जीवीकोपार्जन, उप नियम-2 से संबंधित कार्य। इन क्षेत्रों के लिए एक भी कार्य को स्वीकृति नहीं दी गई है, जबकि इन क्षेत्रों में कई उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र भी शामिल है।

### अब तक 1282 कार्य स्वीकृत, इनमें 308 अधूरे

इस परियोजना के आरंभ से लेकर अब तक जिले में कुल 1282 कार्यों को स्वीकृति दी गई हैं। इनमें भी सर्वाधिक 740 कार्य शिक्षा क्षेत्र के लिए स्वीकृत किए गए हैं। कुल स्वीकृत कार्यों के लिए 18039.9452 लाख रुपए को स्वीकृति दी गई थी। इनमें से 974 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहीं अब तक 14827.9299 लाख रुपए की राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। हालांकि अभी तक स्वीकृत कार्यों में 308 अधूरे हैं। विभाग के अधिकारी इन कार्यों को प्रगतिरत बता रहे हैं।

# संकल्प नाम का कोई भी नक्सल ऑपरेशन छत्तीसगढ़ में नहीं : शर्मा

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि विभिन्न समाचार माध्यमों में आज जो प्रकाशित समाचार है जिसमें यह कहा गया है कि बीजापुर के और तेलंगाना के जो बॉर्डर एरिया है, उन बॉर्डर एरिया में कोई संकल्प नाम का अभियान चलाया गया और संकल्प नाम का अभियान पूर्ण हो गया है। इस अभियान में 22 नक्सली मारे गए हैं इस तरह की खबरें सामने आई है। उन्होंने कहा कि संकल्प नाम का कोई भी अभियान छत्तीसगढ़ की पुलिस अथवा संयुक्त टीम द्वारा नहीं चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से होने वाली बाकी बातों की जानकारी भी गलत है। इसमें जो 22 का आंकड़ा दिया गया है यह आंकड़ा भी उचित नहीं है। इस आंकड़े से पृथक भी बहुत सारी बातें हैं और इस आंकड़े से पृथक भी आंकड़ा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस बात को बड़ी स्पष्टता के साथ में ध्यान रखा, मैं इसका खंडन करता हूं कि संकल्प नाम का कोई अभियान है और जो आंकड़ा दिया गया है। अनुचित आंकड़ा है।



### ऑपरेशन की देंगे जानकारी

उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि नक्सली उन्मूलन के लिए छत्तीसगढ़ में अनेक आपरेशन चल रहे हैं तो यह भी एक ऑपरेशन चल रहा है और जब भी ऑपरेशन पूर्ण हो जाएगा, जिसका संचालन विभिन्न हमारे सिक्योरिटी फोर्स जिसमें एसटीएफ है या डीआरजी है, बस्तर फाइटर है, सीआरपीएफ है और कोबरा बटालियन है। यह सारे लोग मिलकर कर रहे हैं। इसकी पूर्णता पर इसकी पूरी जानकारी दी जाएगी।

# चिकित्सा विशेषज्ञों की बांड पोस्टिंग नियम में संशोधन की डिमांड रमन सिंह से मिले डॉक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा विशेषज्ञों की बांड पोस्टिंग नियम में संशोधन के लिए डाक्टरों ने विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह से मुलाकात की है। उन्होंने अपनी अन्य पुरानी लंबित मांगों को पूरा कराने उनसे हस्तक्षेप करने की डिमांड भी की। सीजीडीएफ के डॉ. हीरा सिंह लोधी, डॉ. गंधर्व पांडे, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, डॉ. शिवम पांडे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा विशेषज्ञों की बांड पोस्टिंग विशेषज्ञता के अनुरूप जिला अस्पतालों और मेडिकल कालेज में की जाए। इसके अलावा बांड के लिए 25 से 50 लाख की संपत्ति गिरवी रखने की शर्त समाप्त करने की मांग की, जिससे मध्य वर्गीय छात्रों को उच्च शिक्षा से वंचित नहीं होना पड़े। साथ ही बांड अवधि में संशोधन कर 2-2 साल के बजाए 1-1 वर्ष की जाए। जनवरी 2025 में पीजी की परीक्षा पास कर चुके डाक्टरों की शीघ्र बांड पोस्टिंग की जाए। साथ ही सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों का अलग कैडर तैयार किया जाए, जिससे जन स्वास्थ्य सुदृढ़ हो सके।

■ अन्य लंबित मांगों पर भी हस्तक्षेप करने की डिमांड



# उच्च स्तरीय छानबीन समिति की बैठक एक ही दिन में 16 प्रकरणों पर निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय छानबीन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जाति प्रमाणपत्र, की शिकायत एवं जांच के लिए 16 प्रकरण रखे गए थे। इनमें 11 प्रकरण पर सुनवाई के लिए एवं 5 प्रकरण विचार विमर्श के लिए रखा गया था। इनमें से 6 प्रकरणों में विजिलेंस जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं संबंधित पक्ष द्वारा समक्ष बयान के बाद पात्र पाए जाने पर उनके जाति प्रमाण पत्र को मान्यता देने का निर्णय लिया गया है।

■ 4 प्रकरणों पर जाति प्रमाणपत्र होगा अमान्य

बैठक में सुनवाई के लिए रखे गए 11 प्रकरणों में से 4 प्रकरणों में विजिलेंस के जांच प्रतिवेदन एवं संबंधितों के समक्ष प्रस्तुतिकरण व बार-बार सुनवाई के लिए अवसर प्रदान करने के बाद भी उपस्थित नहीं होने पर इन प्रकरणों को खारिज कर दिया गया है। सुनवाई के लिए एक प्रकरण में विजिलेंस जांच प्रतिवेदन नहीं होने पर विजिलेंस टीम को जांच करने के निर्देश दिए गए है तथा शेष एक प्रकरणों को सुनवाई हेतु संबंधितों को उपस्थित होने एक और अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में आदिम जाति विकास विभाग के आयुक्त डॉ सारांश मित्तर, आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के संचालक जगदीश कुमार सोनकर, संचालक भू-अभिलेख विनित नंदनवार, संचालक लोक शिक्षण ऋतुराज रघुवंशी, अनुसंधान अधिकारी रमा उइके, डॉ अनिल विरूलकर सहित विजिलेंस टीम के गायत्री नेताम, जितेन्द्र गुप्ता, अंजनी भगत, ईश्वर साहू, जयभगत पटेल उपस्थित थे।

# अवैध निर्माण राजीनामा के एक साल में 300 से ज्यादा प्रकरण, सबसे ज्यादा आवेदन आउटर वार्ड से

### खास बातें

- नगर निवेश विभाग ने 4 करोड़ 77 लाख की राशि अधिरोपित की
- आवेदकों ने जमा कराये 2 करोड़ 34 लाख
- फाफाडीह जोन 2 से 39, मोहबाबाजार जोन 8 में 45,अमलीडीह जोन 10 से 45 प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर।

नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों से अवैध निर्माण को नियमित कराने राजीनामा के तहत एक साल में 334 आवेदन प्राप्त हुये। इनमें से सबसे ज्यादा आवेदन शहर के आउटर स्थित जोन के वार्डों से हैं। नगर निवेश विभाग ने राजीनामा के प्रकरणों में 4 करोड़ 77 लाख की राशि अधिरोपित की है, जिसमें आवेदकों ने 2 करोड़ 34 लाख रुपये राजीनामा कराने जमा कराये हैं।

शहरभर में हो रहे अवैध निर्माण को राजीनामा के तहत नियमित कराने नियम अनुसार 15 से 20 गुना पेनाल्टी के साथ राजीनामा कराने आवेदन लिये जा रहे हैं। 1 मार्च 2024 से 24 मार्च 2025 तक की अवधि में दस जोन से 334 प्रकरण नगर निवेश विभाग को राजीनामा के लिए प्राप्त हुये। इनमें गोगांव, गोंदवारा, भनपुरी, गुढ़ियारी, देवपुरी, डूंडा, बोरियाखुर्द, अमलीडीह, मोवा, सड्डू, कचना सहित अन्य इलाकों से संबंधित जोन में राजीनामा के आवेदन मिले हैं। संबंधित प्रकरणों में राजीनामा के लिए निर्धारित पेनाल्टी के साथ राशि अधिरोपित कर जमा करने मौका दिया गया है। 334 आवेदन के संबंध में राजीनामा के तहत 4 करोड़ 77 लाख रुपये अधिरोपितराशि जमा करने नोटिस दिया है। संबंधित प्रकरणों में नगर निगम को 2 करोड़ 34 लाख ही प्राप्त हो पाए हैं। करीबन 50 फीसदी रकम जमा होना बाकी है।

## मशीन खराब, रीएजेंट सहित कई तकनीकी कारणों से हो रही दिक्कत

# आंबेडकर अस्पताल में कम नहीं हो रही मरीजों की दिक्कत रक्त संबंधी विभिन्न जांच के लिए निजी लैब का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की दिक्कत कम होने का नाम नहीं ले रही है। शारीरिक समस्याओं की पहचान के लिए उन्हें रक्त संबंधी विभिन्न जांच के लिए निजी लैब का चक्कर लगाना पड़ रहा है। चिकित्सकों की सैंपल लेकर लैब तक जाने की सलाह पर उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। इसकी वजह मशीन की खराबी सहित रीएजेंट की अनउपलब्धता के साथ अन्य तकनीकी दिक्कत है। जरूरी जांच नहीं होने के कारण रोजाना औसतन सौ मरीजों का उपचार लेट हो रहा है।

आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने के दावे तो किये जा रहे हैं, मगर उस हिसाब से संसाधनों की बढ़ोतरी की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बेहतर उपचार की आस में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को डाक्टर प्रारंभिक जांच के बाद विभिन्न तरह की जांच कराने के लिए पर्ची देते हैं। इन जांचों के लिए मरीजों को निजी लैब के चक्कर तथा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। रिपोर्ट मिलने में होने वाली देर की वजह से मरीजों की जांच में भी विलंब हो रहा है। इस परेशानी की मुख्य वजह अस्पताल में विभिन्न तरह की जरूरी जांच की सुविधा नहीं मिल पाना है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक आवश्यक सामान की नियमित सप्लाई नहीं होने की वजह से विभिन्न तरह की पैथोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री संबंधी जांच नहीं हो पा रही है।

### लंबी कोशिश के बाद मिला सामान



अस्पताल में विभिन्न तरह की सर्जरी के दौरान उपयोग में आने वाले सामान की सप्लाई से वेंडरों ने हाथ खड़ा कर दिया था। इसकी वजह उनका पुराना भुगतान लंबित होना था। अस्पताल प्रबंधन की काफी कोशिशों के बाद वेंडरों को पेंडिंग राशि का कुछ हिस्सा दिया गया है, जिसके बाद सर्जरी शुरू हो पाई है। आवश्यक सामान नहीं मिलने के कारण हृदय रोग के साथ अस्थि रोग विभाग के ऑपरेशन भी प्रभावित हो गए थे।

### इस तरह की जांच नहीं हो रही

अस्पताल से जुड़े सूत्रों के अनुसार तीन माह पुराने शुगर की रिपोर्ट बताने वाले एचबीए-1 सी, विटामिन-डी, हार्ट अटैक जैसी स्थिति को पहचानने वाले ट्रोपोनीन-टी, आर्थराइटिस की एचएलएबी-12. इंसुलिन, आयरन तथा हार्मोंस से संबंधित जांच नहीं हो रही है। इस तरह के टेस्ट के लिए मरीजों को सैंपल लेकर विभिन्न प्रायवेट लैब के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



लाइव इवेंट

## जीवों व पौधों का नंदनवन -जंगल सफारी में कैम्प लगाकर दे रहे सीख



**रायपुर।** नंदनवन और नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में गर्मी शुरू होने के साथ ही प्रकृति एवं पर्यावरण की शिक्षा देने समर कैम्प लगने लगा है। इस सीजन में दूसरे बैच का सफल समापन बुधवार को किया गया। इससे पहले 12 से 18 वर्ष के 28 विद्यार्थियों को सात दिनों तक कैम्प में प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों को प्रकृति, जंगल और जैव विविधता से जोड़ने के लिए किया गया। कैम्प में उन्हें जंगल, वन्यजीव, पक्षी, तितलियों, कीट-पतंगों, सांप, पेड़-पौधे, मिट्टी और पानी जैसे प्राकृतिक तत्वों का महत्व बताने के लिए शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों को नेचर वॉक, बर्ड वॉचिंग, ट्रेजर हंट, फेदर आइडेंटिफिकेशन, पेड़ों की पहचान, स्नेक अवेयरनेस टॉक, आर्ट एंड क्राफ्ट, जंगल स्टोरी से जोड़ा गया।

### प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र

टेलिंग तथा प्रकृति-आधारित रोचक खेलों में प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लिया। समापन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। प्रकृति के प्रति संवेदनशील नागरिक बनने का संकल्प लिया। कैम्प का संचालन नंदनवन और जंगल सफारी के परिक्षेत्र अधिकारी विजय पाटिल और कर्मियों के मार्गदर्शन में किया गया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र एवं विशेष बैच भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रकृति की गोद में जीवन के महत्व को भी बताया गया। नंदनवन जंगल सफारी के संचालक थेजस शेखर ने बताया कि 'इस प्रकार के समर कैम्प से बच्चों में प्रकृति के प्रति जिज्ञासा और समझ को बढ़ावा मिलता है। साथ ही संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती हैं। हम भविष्य में ऐसे कैंप आयोजित करते रहेंगे, ताकि इससे आने वाली पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण के महत्व को आत्मसात कर सकें। जितने लोगों ने भाग लिया, उन्हें अपने आसपास रहने वाले लोगों को सजग करने के लिए कहा गया।

सिटी इवेंट

## 'विचारों के घेरे में' नाटक को 9 दृश्यों में पात्रों ने किया मंच पर जीवंत



**रायपुर।** किसी चीज को लेने से क्या फायदा है या क्या नुकसान होता है, इसे सब जानते हैं। फिर भी उस चीज को लेना नहीं छोड़ते। लिहाजा, इससे उन्हें नुकसान होता है। जग में हंसाई होती है। यह आदत लोगों को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। चाहे वो शराब हो या कुछ और...यह पहला दृश्य है नाटक 'विचारों के घेरे में' का। ममता अहार के लेखन एवं निर्देशक में 10 नाट्य कलाकरों ने नाटक के भावों को जीवंत मंच पर उतारा। शाम को विवेकानंद आश्रम के पास पंडित सखाराम दुबे शासकीय प्राथमिक शाला में समसामयिक घटनाओं का मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है। ये घटनाएं लोगों का जीवन बदल कर रख देती हैं। इन्हीं बातों को नाटक में दिखाया गया। बड़ी संख्या में नाट्यप्रेमी नाटक देखने पहुंचे। नाटक के पात्रों ने अपने वेश-भूषा व भाव भंगिमाओं से दर्शकों को बांधे रखा। पूरे नाटक को नाट्य निदेशक ने 9 दृश्यों में प्रभावपूर्ण भाषा संवाद शैली, जीवंत अभिनय से प्रस्तुत किया। श्रीया आर्ट सांस्कृतिक संस्था की इस शानदार नाट्य प्रस्तुति में मुख्य अतिथि पद्मश्री अजय मंडावी, अध्यक्षता शजागेश्वर प्रसाद, विशिष्ट अतिथि जेपी रथ व विजय मिश्रा उपस्थित रहे।

श्रीया आर्ट सांस्कृतिक संस्था की शानदार नाट्य प्रस्तुति



### इन कलाकारों ने अभिनय से मोहा मन

सूत्रधार के रूप में अविशी अहार, रिमझिम देवांगन ने योगदान दिया। वहीं, नाटक में सास का पात्र कमल सावरकर, भारती भेलावे, हैजल गोदरे, कुमकुम निर्मलकर ने निभाया। ब्लॉगर नित्या अहार, सहेलियां वंशिका, सूरज जोशी, रिद्धि देवांगन बनीं। टीचर का पात्र अविशी अहार, चांदनी निर्मलकर, लड़कियां भावना रजक, भुवि थोटे, लड़के चित्रांश देवांगन, धैर्य देवांगन, समर सोनवानी, शराबी के पात्र में आशीष ठाकुर, उद्घोषिका के रूप में सीमा शर्मा का सराहनीय योगदान रहा। दर्शकों ने नाट्य कलाकारों के अभिनय की सराहना की।



आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने सेना ने किया ऑपरेशन सिंदूर, शौर्य को सलाम करने जयस्तंभ पर दीपावली सा जश्न

# ऑपरेशन सिंदूर का जश्न, सेना के शौर्य का आतिशबाजी से स्वागत, तिरंगे संग जयघोष

'ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने वाले सेना के शौर्य को सलाम करने शहर के जयस्तंभ चौक पर शाम होते ही जन सैलाब उमड़ा। अलग-अलग संगठन के लोग ही नहीं, बल्कि हिन्दू सेना, बजरंग दल, एनएसयूआई के साथ युवाओं के ग्रुप भी इस उत्सव का हिस्सा बने। आतिशबाजी से दीपावली जैसा माहौल बना। इसमें हर वर्ग के लोग हाथों में भगवा ध्वज लिए सर्जिकल स्ट्राइक को सफल बनाने वाली सेना का स्वागत भी किया। कुछ लोगों ने मिठाइयां बांटी तो कइयों ने इसे आतिशबाजी करते हुए सेलिब्रेट किया।'

**रायपुर।** यूथ संगठन एनएसयूआई ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को सेलिब्रेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मिठाई बांटते हुए युवाओं ने जयस्तंभ चौक पर तिरंगा लहराते हुए जश्न मनाया। सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ सफल ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करते 28 पर्यटकों पर किए गए कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। इसका जश्न तिरंगा वंदन करके मनाया गया। इस अवसर को खास बनाने के लिए मिठाइयां भी बांटी गईं। कार्यकर्ताओं ने जवानों के शौर्य का सम्मान करते हुए देश भक्ति के नारों के साथ सेलिब्रेट किया। जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर कार्रवाई की है। अगर पाक नापाक हरकतों से बाज नहीं आया तो यह दायरा बढ़ेगा।



### कैट ने समर्थन में मनाया पराक्रम दिवस

*फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा जयस्तंभ चौक पर 'पराक्रम दिवस' को सेलिब्रेट किया गया। यह सेलिब्रेट सेना द्वारा आतंकियों के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित था। व्यापारियों ने सैकड़ों की तादाद में भाग लेते हुए सेना के शौर्य व राष्ट्र भक्ति को सलाम किया। 'भारतीय सेना जिंदाबाद' और 'भारत सरकार जिंदाबाद' जैसे नारों की गूंज रही। व्यापारियों ने सेना की कार्रवाई के समर्थन में जयघोष करते हुए 51 किलो लड्डू का वितरण किया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल से किए गए हमले को सही ठहराया। वहीं, सहकारी दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्र सिंह, अजय अग्रवाल, अवनीत सिंह, दीपक विधानी, जय नानवानी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, कन्हैया गुप्ता, शंकर बजाज ने मिठाई बांटी।*

### सेना के शौर्य को सलाम, की आतिशबाजी

बिरगांव के मां परमेश्वरी वार्ड में मोहल्ला विकास समिति और धर्म प्रचार समिति व भाजपा के मेंबर्स ने भी पटाखे फोड़ते हुए खुशियां मनाईं। एक- दूसरे का मुंह मीठा कराया। समिति के सदस्य भीखम लाल देवांगन ने बताया कि पाकिस्तान शुरू से ही भारत में आतंकी हमला करता रहा है। सेना ने करारा जवाब देते हुए देश का मान बढ़ाया है। इनके साथ वार्ड के लोगों ने भगवा ध्वज लहराते हुए सेना के शौर्य के सम्मान में जमकर आतिशबाजी की। इसमें बड़ी संख्या में मोहल्ले के लोग शामिल हुए। युवाओं का उत्साह शौर्य के सम्मान में किए गए सेलिब्रेशन में देखने लायक था। हर वर्ग के लोगों ने सेना के शान में जयघोष किया।



### कार्रवाई का जैन संवेदना ट्रस्ट ने किया स्वागत

ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं, यह हर भारतवासी के आत्म सम्मान की गर्जना है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत करते हुए कहा कि दुश्मन ने वीरों को ललकारा, और जवाब ऐसा मिला कि अब वे चुप और दुनिया सन्न है। सेना का साहस, रणनीति और समय पर लिया गया फैसला हर देशवासी को गर्व से भर दिया। भारत अब सहता नहीं, सीधा जवाब देता है। विश्व शांति के लिए भगवान महावीर स्वामी का 'जियो और जीने दो' प्रासंगिक है। 'अहिंसा परमो धर्म' विश्व शांति का मूलमंत्र है, लेकिन अहिंसा कायरता नहीं होती।

### एप्सो ने जवाबी हमले के लिए किया समर्थन

अखिल भारतीय शांति एवं एकता संगठन (एप्सो) की छत्तीसगढ़ इकाई ने पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए आतंकी हमले के जबाब में भारतीय सशस्त्र बल द्वारा बिना सीमा पार किए पाकिस्तान में आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को निशाना बनाने चलाए गए सैन्य अभियान का समर्थन किया। एप्सो के सचिव अरुण कान्त शुक्ला ने आतंकी शिविरों पर किए गए हमले को पाकिस्तान के लिए एक बड़ा झटका बताया। उन्होंने कहा कि स्थायी शांति के लिए उग्रवाद के नेटवर्क और उनके समर्थकों को खत्म करने के लिए निरंतर ऐसे प्रयासों की जरूरत है। इस जवाबी हमले का समर्थन करते हुए जवानों के शौर्य का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने देश हित में एक होने का आह्वान किया।





### वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया शौर्य को सलाम



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी शंकर नगर स्थित अपने निवास पर पटाखे फोड़कर सेना के जवानों और उनके शौर्य को सलाम करते हुए गुलाल उड़ाए। इस दौरान उनके सहयोगी स्टाफ ने भी ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकी हमले का जवाब देने वाले जवानों की वीरता को याद करते हुए भारत माता जिंदाबाद का जयघोष किया।

विश्व थैलेसीमिया दिवस आज, संस्थाएं पेशेंट को ब्लड भी उपलब्ध करवा रही, इलाज में भी सहयोगी

# बेटे के दर्द को बनाया ताकत, थैलेसीमिया पेशेंट की करवा रहे जांच, 106 का बोनमैरो ट्रांसप्लांट

कार्नर न्यूज

प्रदेश में 4 हजार से ज्यादा बच्चे वंशानुगत रक्त विकार थैलेसीमिया से पीड़ित हैं। 11 साल पहले शहर की काजल और सुरेश सचदेव के बेटे को इस बीमारी से जुझना पड़ा। तब इसके बारे में कम लोग जानते थे। इसे देखते हुए उन्होंने बेटे के दर्द को ताकत बनाते हुए इस रोग से पीड़ितों की मदद के लिए 'कोई अपना सा हो' नाम से ग्रुप बनाया।

**रायपुर।** अभी तक में दिल्ली, बेंगलुरू, नागपुर जैसे बड़े शहरों से डाक्टर्स को बुलाकर हर महीने जांच शिविर लगवा रहे हैं। साथ ही बोन मैरो ट्रांसप्लांट के माध्यम से प्रदेश के 106 पेशेंट का ट्रांसप्लांट करवाने में सहयोग किया। उन्होंने बताया कि प्रति पेशेंट 38 से 54 लाख रुपए का खर्च आता है। इसमें सरकार 18 से 20 लाख रुपए की मदद करती है। इसके बारे में लोग नहीं जानते, इसलिए उन्हें सहयोग देते हैं।



### हर महीने उपलब्ध कराते हैं ब्लड डोनर

इसके लक्षण, प्रकार और गंभीरता पर निर्भर कई चीजें निर्भर करती हैं। सामान्य लक्षणों में थकान, त्वचा का पीलापन, कमजोरी, चेहरे की हड्डियों में बदलाव और धीमी वृद्धि शामिल हैं। पेशेंट में रक्त आधान से शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या और हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है। हर 15 दिन में पेशेंट को ब्लड की जरूरत होती है। इसके लिए ओम सांई रक्तदाता सेवार्थ समिति के संस्थापक एम. वासुदेव राव भी डोनर उपलब्ध कराने में सहयोग देते हैं, ताकि पेशेंट का जीवन बचाया जा सके। हर महीने 10 से 15 पेशेंट के माता-पिता का सहयोग करते हैं।



### शिविर में निःशुल्क दवाएं भी दे रहें

काजल सचदेव ने बताया कि लुस्पेटरसेप्ट और हाइड्रोक्सीयूरिया जैसी दवाएं थैलेसीमिया के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकती हैं। इसे हर महीने शिविर में आने वाले 150 से 200 पेशेंट को डोनेट किया जाता है, ताकि उनके माता-पिता को इलाज में सहयोग किया जा सके। इसके साथ ही पेशेंट को ब्लड उपलब्ध कराने के लिए ब्लड डोनेशन कैम्प भी लगाते हैं। इसमें जन सहयोग से पीड़ितों को हर महीने पड़ने वाली ब्लड की जरूरत को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। इसका फायदा हर साल सैकड़ों पेशेंट को देने में सहभागी बनते हैं।

बीते कई सालों से रायपुर से गिनती के ही विद्यार्थी बना पा रहे थे मेरिट लिस्ट में जगह, इस बार...

# खत्म हुआ सूखा...पहली बार राजधानी से निकले 21 टॉपर

*रायपुर। दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा बुधवार को की गई। इस बार सूची में राजधानी रायपुर से बारहवीं में रिकॉर्ड 14 तथा दसवीं में 7 छात्रों ने जगह बनाई है। पिछले कुछ सालों से दोनों कक्षाओं में गिनती के ही विद्यार्थी जगह बना पा रहे थे। इस बार टॉप-10 में जगह बनाने वाले विद्यार्थियों में से अधिकतर निम्न और मध्यम वर्ग से हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया का पूरी तरह से त्याग कर दिया था। जानिए कहानी मेरिट का सूखा खत्म करने वाले विद्यार्थियों की...*

## कक्षा-दसवीं

### पिता चलाते हैं किराना दुकान, दिक्कतों के बाद भी जारी रखी पढ़ाई



संत ज्ञानेश्वर हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा पूर्वी साहू ने दसवीं कक्षा में बाजी मारी है, जिसने बोर्ड में 98 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया। पूर्वी के पिता उमेश कुमार साहू की किराने की दुकान है। चर्चा के दौरान छात्रा ने बताया कि ग्यारहवीं में कॉमर्स और गणित विषय लेकर पढ़ाई करुंगी। भविष्य में टेक्नोलॉजी और वित्तीय विभाग में काम करने की इच्छा है। छात्रा की मां टाकेश्वरी साहू ने बताया कि हमारे आय का साधन केवल किराना दुकान है, घर में तीन बेटियां है। आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के बाद भी बच्चों की सभी जरूरतों को पूरा करना हमारा सपना है, ताकि वह दूसरो पर निर्भर ना रहें।

### पिता किसान लेकिन बेटी को बनाना है डॉक्टर



हरिभूमि से चर्चा के दौरान अंजली साहू अपनी आर्थिक स्थिति को देखकर रो पड़ी। उन्होंने बताया कि परिवार के आय का साधन केवल कृषि और मजदूरी है। माता-पिता खिलेश्वर साहू और लालती बाई साहू का सपना है कि मैं भविष्य में डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करूं। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण घर से दूर शहर में प्रयास अवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रही हूं। दसवीं कक्षा में 97.67 प्रतिशत के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया है। जिसमें गणित विषय में 100 में 100 अंक हासिल किया है।

### एकाग्रता के लिए रोजाना योग और ध्यान



संत ज्ञानेश्वर स्कूल की छात्रा बर्षा प्रियदर्शनी ने बोर्ड परीक्षा में नवां स्थान 97.83 प्रतिशत के साथ प्राप्त किया। चर्चा के दौरान छात्रा ने बताया कि स्कूल के दिनों में रोजाना योग और ध्यान करती थी, जिससे पढ़ाई के दौरान एकाग्रता बनी रहती हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारी स्कूल खुलले के पहले दिन से ही शुरू की थी, जहां रोजाना 3-4 घंटा पढ़ाई की है।

### पिता करते हैं किसानी, शासकीय अधिकारी बनने की ख्वाहिश

छात्र नमन ठाकुर ने दसवीं कक्षा में 98.33 प्रतिशत संग प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त किया है। नमन के पिता वीर सिंग ठाकुर किसान हैं, जो भविष्य में बच्चों को शासकीय अधिकारी बनाने का सपना रखते हैं। छात्र ने चर्चा के दौरान कहा, मैं कम्प्यूटर साइंस लेकर पढ़ाई करना चाहता हूं। साथ ही भविष्य में पिता की मदद के लिए ऑर्गेनिक फार्मिंग करना चाहता हूं। स्वामी आत्मानंद पीटी राम सहाई मिश्रा विद्यालय में अध्ययनरत नमन ने रोजाना 4-5 घंटे की पढ़ाई बोर्ड परीक्षाओं के लिए की।

### पिता बचपन से तैयार कर रहे प्रशासनिक सेवा के लिए



दसवीं कक्षा में दसवें स्थान पर 97.67 प्रतिशत के साथ अन्य टॉपर्स के साथ नेहा चक्रधारी ने भी जगह बनाई है। उन्होंने बताया कि पिता ने बचपन से आईएएस बनने का सपना दिखाया है। आईएएस ऑफिसर सृष्टी देशमुख मेरी प्रेरणा हैं। मैं बड़ा होकर उनकी तरह बनना चाहती हूं। पिता शिक्षक हैं, जो प्रशासनिक अधिकारी बनने की तैयारी बचपन से करा रहे हैं। ग्यारहवीं कक्षा में बायो विषय लेकर यूपीएससी की तैयारी शुरू करुंगी।

### अंग्रेजी और विज्ञान विषय में 100 में 100 अंक



अंग्रेजी और विज्ञान विषय में बी.साई संजना ने दसवीं कक्षा में 100 में 100 अंक प्राप्त किए हैं। सभी विषय मिलाकर 98.33 प्रतिशत अंक हासिल कर छत्तीसगढ़ में छठवां स्थान बनाया है। चर्चा के दौरान संजना ने बताया कि भविष्य में कम्प्यूटर साइंस सॉफ्टवेयर इंजिनियर बनने का सपना है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी दसवीं कक्षा के पहले दिन से ही शुरू हो गई थी, जहां रोजाना शॉर्ट नोट्स और बीते साल के प्रश्नपत्र हल कर तैयारी किया करती। संजना शिशु निकेतन अंग्रेजी मीडियम स्कूल डब्ल्यूआरएस कॉलोनी की छात्रा है।

### डॉक्टर बनना एकमात्र लक्ष्य



छात्रा काव्या वर्मा ने दसवीं कक्षा में 97.67 प्रतिशत प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। पिता कौशल कुमार वर्मा और माता बिन्देश्वरी वर्मा राजनांदगांव निवासी है। काव्या प्रयास अवासीय विद्यालय में अध्ययनरत हैं। छात्रा ने बताया कि दसवीं में गणित विषय में 100 में 100 अंक हासिल किया, जिसके लिए रोजाना 1 घंटा प्रश्नों को हल किया करती थी। भविष्य में डॉक्टर बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### सामाजिक सेवा के लिए बनना है प्रशासनिक सेवा



कक्षा दसवीं के छात्र केतन साहू ने प्रदेशभर में आठवां स्थान 98 प्रतिशत के साथ प्राप्त किया है। केतन ने कहा, अच्छे अंक हासिल करने के पीछे कड़ी मेहनत है। इसके लिए रोजाना 3-4 घंटे पढ़ाई की, और बीते 4-5 सालों के प्रश्नपत्र को हल किया। मैं भविष्य में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में काम करके, सामाजिक स्तर पर लोगों की सेवा करना चाहता हूं। छात्र लालपुर स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय का छात्र है, जिसने गणित विषय में 100 में 100 अंक हासिल कर परचम लहराया है। पिता का जीवराखन लाल साहू और माता कौशल्या साहू का भी हमेशा सहयोग मिलता रहा।

### प्रशासनिक अधिकारी बनना पिता का सपना



पिता का सपना पूरा करने प्रशासनिक अधिकारी बनने मेरी तैयारी जारी है। यह कहना है दसवीं कक्षा में 97.67 प्रतिशत के साथ दसवां स्थान हासिल करने वाले चित्रांश देवांगन का। उन्होंने बताया कि पिता का सपना था कि वह आईएएस ऑफिसर बनकर समाज की सेवा करें। बारहवीं कक्षा में भी बेहतर तैयारी के साथ टॉप-10 की में नाम शामिल करने के लिए कड़ी मेहनत करुंगा।

### पिता लगाते है चाट ठेला, बेटा टॉपर



गुपचुप व चाट के ठेला संचालक के बेटे राम सोनी ने माता-पिता का नाम रोशन किया है। अपनी कड़ी मेहनत से 97.67 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए दसवां स्थान बनाया। चर्चा के दौरान राम ने बताया कि पिता कमल सोनी दिन-रात हमारे लिए मेहनत करते हैं। घर की आर्थिक स्थित ठीक ना होने के बाद भी सभी जरूरतों को पूरा किया गया है। भविष्य में एरोस्पेश इंजिनियर बनने का लक्ष्य तय किया है, जिसके लिए 9वीं कक्षा से ही तैयारी निरंतर जारी है।

### डॉक्टर की पढ़ाई के बाद बनना है प्रशासनिक अधिकारी



छात्रा खुशबू सेन ने 98 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया है। हरिभूमि से चर्चा के दौरान छात्रा ने बताया कि वह भविष्य में नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनना चाहती हैं। इसके बाद साथ ही सीजीपीएससी और यूपीएससी की राह पकड़कर आईएएस ऑफिसर बनने का लक्ष्य तय किया है। पिता यशवंत कुमार सेन शिक्षक और माता उषा बाई सेन गृहणी हैं, जो मूलतः खैरागढ़ जिले के निवासी है। खुशबू प्रयास विद्यालय के छात्रावास में रहकर पढ़ाई करती है, जिसने दिनरात कड़ी मेहनत से माता-पिता का नाम रोशन किया।

### एक कमरे का घर, यहीं पढ़ाई कर बनी टॉपर



रायपुर की दिव्या तिवारी ने दसवीं में 97.67 प्रतिशत संग दसवां स्थान बनाया है। उनके पिता एक मजदूर हैं। पूरा परिवार एक कमरे के घर में रहता है। यह घर भी किराए का है। मां बंजारी गुरूकुल हायर सेकेंडरी स्कूल रावाभाठा की छात्रा दिव्या तिवारी के पिता अजय तिवारी मजदूर है, जो दिन के 15 घंटे लगातार संघर्ष करते हैं। हरिभूमि से खास चर्चा के दौरान छात्रा ने नम आंखों के साथ बताया कि मैं भविष्य में डॉक्टर बनकर माता-पिता का नाम रोशन करना चाहती हूं।

### प्रयास की पांच छात्राएं टॉप-10 में

प्रयास बालिका आवासिय विद्यालय गुढ़ियारी से पांच छात्राओं ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में टॉप-10 में नाम दर्ज कराया है। इसमें खुशबू सेन, अंजली साहू, नेहा चक्रधारी, काव्या वर्मा और महक चन्द्रवंशी का नाम शामिल है। इनमें से अधिकतर छात्राओं ने गणित विषय में 100 में 100 अंक हासिल कर माता-पिता का नाम रौशन किया है। छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में सभी विषयों की पढ़ाई वर्ष के शुरुआत से ही पूरी गंभीरता से कराई गई। इसके अलावा वे स्वयं भी रोजाना निर्धारित समय पढ़ाई को देती थी।

## कक्षा-बारहवीं

### शिक्षकों की मदद से क्लियर किए डाउट



विवेक कंवेंट हायर सेकंडरी स्कूल स्टेशन रोड की छात्रा रुचि कल्याणी ने बारहवीं की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान हासिल किया है। उन्हें 96 प्रतिशत अंक मिले हैं। मेरिट में स्थान प्राप्त करने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने बताया कि वह अपनी कक्षा में पढ़ाई के समय हर विषय की सभी तरह के कंप्यूजन को शिक्षक की मदद से दूर करती हैं। रोजाना सुबह व रात मिलाकर 3 घंटे से ज्यादा पढ़ाई नहीं करती हैं। स्कूल से आकर बैडमिंटन खेलना पसंद करती हैं।

### सीए बनाने की गोल को लेकर की पढ़ाई



आरडी तिवारी स्वामी आत्मानंद विद्यालय आमापारा की छात्रा पल्लवी वर्मा ने बारहवीं में 6वां स्थान हासिल किया है। उन्हें 96.60 प्रतिशत मिले। कॉमर्स संकाय की छात्रा पल्लवी ने अपने इस कामयाबी का श्रेय मेहनत, शिक्षकों व माता-पिता को दिया। पल्लवी बताती हैं कि पढ़ाई के बाद संगीत सुनना, नावेल पढ़ना पसंद है। आगे मैं सीए की परीक्षा की तैयारी करूंगी।

### खबर मिलते ही पिता हमाली का काम छोड़कर पहुंचे घर



गवर्मेंट गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल मंदिरहसौद की छात्रा धनेश्वरी यादव ने बारहवीं की परीक्षा मेरिट सूची में 7वां स्थान हासिल किया है। उन्हें 96.40 प्रतिशत अंक मिले हैं। धनेश्वरी से इस उपलब्धि पर बात करने पर उन्होंने बताया की मेरे माता-पिता ने मुझे पढ़ने-लिखने में सबसे ज्यादा सपोर्ट किया है। परीक्षा परिणाम आने के बाद जब पापा को हम लोगों ने बताया कि पूरे प्रदेश में बारहवीं परीक्षा में सातवें स्थान पर हूं तो वह वियरहाउस से हमाली का काम छोड़कर खुशी से झूमते हुए घर पहुंचे। मेरे पापा मुझे वियरहाउस में हमाली का काम कर पढ़ा रहे हैं। ऐसे में उनकी मेहनत को देखती हूं तो मैं भी मेहनत के लिए प्रेरित होती हूं। स्कूल व ट्यूशन शिक्षक का हमेशा मार्गदर्शन मिला।

### कक्षा में बनाए रखें एकाग्रता



स्वामी आत्मानंद विद्यालय शहीद स्मारक स्कूल फाफाडीह की छात्रा भूमिका देवांगन ने बारहवीं की परीक्षा मेरिट सूची में 10 वां स्थान हासिल किया है। उन्हें 95.80 प्रतिशत मिले। अपनी इस कामयाबी के लिए पढ़ाई के तरीके को उन्होंने वजह बताया। वे बताती हैं की वह कक्षा में एकाग्रता से टीचर्स के पढ़ाए विषयों को समझना जरूरी है। भूमिका का सपना सीए बनना है।

### सीएस बनने की ख्वाहिश, 12वीं के साथ दिलाई इसकी भी परीक्षा



संत ज्ञानेश्वर हारयर सेकंडरी स्कूल छात्रा रूचिका साहू ने बाहरवीं वार्षिक परीक्षा में मेरिट में 7वां स्थान हासिल किया है। उन्हें 96.40 प्रतिशत अंक मिले हैं। रुचिका का अपनी इस उपलब्धि पर उनका कहना है कि वह पढ़ाई के दौरान मोबाइल से दूर रहती हैं, ट्यूशन नहीं जाती हैं। शिक्षकों के सहयोग से हर विषय पर फोकस कर पढ़ाई की। दिन में बिल्कुल पढ़ाई नहीं करतीं, केवल रात में 10 से 1 बजे तक पढ़ती हैं। कंपनी सेक्रेटरी बनने के लिए सीएईईटी की परीक्षा भी दिलाई है।

### प्रोफेसर बनने का सपना, छात्रों को पढ़ाना है अकाउंट



आदर्श विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल देवेंद्र नगर के कॉमर्स संकाय कक्षा बाहवीं के छात्र कृष्ण कुमार पंजवानी ने पूरे परीक्षा में मेरिट लिस्ट में 9 वां स्थान हासिल किया। उन्हें 96 प्रतिशत अंक मिले हैं। इस पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि सामान्य रुटिन में सभी विषयों की बिना किसी प्रेशर लिए पढ़ाई करता हूं, शिक्षकों से हर सबजेक्ट को क्लियर करता था। आगे अकाउंट विषय में कॉलेज प्रोफसर बनने का सपना है।

### पिता चलाते हैं वाहन, मां आंगनबाड़ी सहायिका

*स्वामी आत्मनंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम आडवाणी आर्लिंकन विद्यालय बिरगांव की छात्रा कीर्ति यादव बारहवीं की परीक्षा 96 प्रतिशत प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में नवां स्थान प्राप्त किया। कीर्ति के पिता राजकुमार यादव वाहन चालक हैं। जबकि माता आंगनबाड़ी में सहायिका हैं। अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर उनकी आंखें नम हो आईं। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सिरमौर ने बताया, कीर्ति शुरुआत से ही होनहार रही हैं। शिक्षकों ने भी उनका सहयोग किया। मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाली वह स्कूल की प्रथम छात्रा है। कीर्ति ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता का आशीर्वाद एवं अपने शिक्षक गण को दिया।*

# साइबर क्राइम, महिलाओं को कैंसर से बचाने किया सजग



**रायपुर।** शहर की महिलाओं को समय के साथ बदलने और साइबर क्राइम का शिकार होने से बचाने के लिए जेसीआई रायपुर वामांजली द्वारा एक विशेष आयोजन बुधवार को वृन्दावन हाल में किया गया। इसमें 150 महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीएसपी नंदिनी ठाकुर ने अनावश्यक मैसेज को मोबाइल में देखने के बाद उसे खोलने और लुभावने ऑफर से बचने के लिए कहा। इस तरह का जाल साइबर क्राइम से जुड़े अपराधी बिछाते हैं। डिजिटल दुनिया में लोगों के साथ किए जाने वाली ठगी के तरीके और उससे बचाव की जानकारी उन्होंने महिलाओं को दी। चिंतामणि साहू ने भी महिलाओं को बाल विवाह रोकने में सहभागी बनने की सलाह दी। वे किस तरह से इस क्षेत्र में काम कर सकती हैं, यह भी बताया।

### खुद की सेहत का भी रखें ख्याल

डॉ. सिद्धार्थ तुरकर ने महिलाओं में होने वाले कैंसर के प्रति सजग रहने की सलाह दी। महिलाओं में बढ़ते कैंसर के मामलों पर चिंता जताते हुए, इससे बचाव के उपाय और प्रारंभिक लक्षणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नियमित जांच और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए कहा। अध्यक्षता आकांक्षा प्रीत ने की, जबकि कार्यक्रम की निदेशक उर्वशी देवांगन, चैप्टर इंचार्ज संगीता अनल और पूर्व अध्यक्ष अर्चना द्विवेदी की इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका रही। इसमें शामिल महिलाओं को आसपास की महिलाओं को भी जानकारी देने के लिए कहा गया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### कोंडागांव की रंजीता ने छत्तीसगढ़ को दिलाया पहला स्वर्ण पदक



रायपुर। 7वां खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 06-15 मई पटना (बिहार) में चल रहा है। जिसमें जूडो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में प्रदेश के कोंडागांव जिले की रंजीता कुरेटी ने 52 किग्रा वजन वर्ग में हिमांचल, महाराष्ट्र, दिल्ली के खिलाड़ियों को हराकर कर फाइनल में मध्यप्रदेश की नैंसी को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया और छत्तीसगढ़ को पहली स्वर्णिम सफलता दिलाई।

जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष एवं प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने प्रदेश संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के हवाले से बताया कि राज्य निर्माण पश्चात खेलों इण्डिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ को पहली बार स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है।

श्री मेमन एवं श्री द्विवेदी के अनुसार छत्तीसगढ़ के सुदूर बस्तर क्षेत्र की रंजीता इस साल जनवरी में पुणे नेशनल में बेस्ट प्लेयर का खिताब जीतकर भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से (जॉर्जिया) विदेश में जूडो प्रशिक्षण हेतु चयनित हो चुकी है। रंजीता का यह प्रदर्शन निश्चित रूप से सराहनीय है।

उल्लेखनीय है कि अन्तराष्ट्रीय निर्णायक छत्तीसगढ़ पुलिस के शेख शरीफ़ उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। रंजीता की उपलब्धि पर प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव शम्भू सोनी, संयुक्त सचिव अनीस मेमन, बस्तर जूडो संघ के अब्दुल मोइम,परमजीत सिंह, राजकुमार जायसवाल सहित समस्त जिला संघो के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट में बिलासपुर की शानदार जीत



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टी 20 टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 26 अप्रैल से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। बुधवार को फायनल मुकाबला बिलासपुर विरूद्ध बी.सी.ए. के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से मयंक यादव ने 30 रन तथा मोहित राउत ने 29 रन बनाये। बी.सी.ए. की ओर से शुभम सिंह ने 3 विकेट तथा दिवाकर ताम्रकार ने 2 विकेट प्राप्त किये। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बी.सी.ए. ने 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाकर मैच टाई रहा। बी.सी.ए. की ओर से अमरीश कुमार सिंह 41 रन तथा आनन्द राव ने 39 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से मयंक यादव 3 विकेट, प्रवीण कुमार यादव 2 तथा मोहित राउत ने 2 विकेट प्राप्त किये। सुपर ओवर बी.सी.ए. ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 0.4 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 2 रन बनाये। बी.सी.ए. की ओर से संजीत देसाई ने 1 रन नाबाद तथा आनन्द राव ने 1 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से मोहित राउत ने 2 विकेट प्राप्त किये। 3 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर ने 0.3 ओवरों में बिना विकेट गवाए 5 रन बनाकर मैच जीत लिया। बिलासपुर की ओर से मोहित राउत 4 रन नाबाद तथा मोहम्मद इरफान ने 1 रन बनाया। बिलासपुर ने सुपर ओवर में जीत हासिल की।

### रविशंकर शुक्ल विवि के समर कैंप में जारी है खेल प्रशिक्षण



रायपुर। शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला एवं स्पोर्ट्स क्लब, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 30 अप्रैल से 30 मई तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में संचालित हो रहा है। शिविर में अब तक लगभग 70 बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं और विभिन्न खेलों व शारीरिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पंजीयन अभी भी किया जा सकता है। जिसमें एरोबिक्स एवं योग / आत्मरक्षा खेल (कराटे, जूडो, कुश्ती) के लिए मेघा श्रीवास्तव एवं उपासना विश्वकर्मा, व्यायाम, क्रिकेट, खो-खो के लिए अनुपम कुमार सिंह और बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल के लिए राहुल कुमार पासवान, फिजियोथेरेपी परामर्श के लिए डॉ. एन.एम. घोष से संपर्क किया जा सकता है।

## 8 करोड़ से अधिक को है डायबिटीज की शिकायत


# भारत में डायबिटीज अपने पांव पसार चुका, लेकिन आज भी लोग कुछ अफवाहों को मानते आ रहे हैं सच

भारत में 80 मिलियन से अधिक लोग डायबिटीज रोगी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि जिस गति से हर साल इसके मरीज बढ़ते जा रहे हैं ऐसे में आशंका है कि साल 2050 तक यह आंकड़ा 135 मिलियन को भी पार कर जाएगा।

### क्या आपको डायबिटीज के बारे में सही जानकारी है?

भारत में डायबिटीज (मधुमेह) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और यह एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। भारत को ?डायबिटीज की राजधानी? भी कहा जाता है क्योंकि यहां बहुत बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित हैं। भारत में इसके 80 मिलियन (8 करोड़) से अधिक रोगी हैं, विशेषज्ञों का कहना है कि जिस गति से हर साल इसके मरीज बढ़ते जा रहे हैं ऐसे में आशंका है कि साल 2050 तक यह आंकड़ा 135 मिलियन को भी पार कर जाएगा।

डायबिटीज के लिए लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को प्रमुख कारण माना जा रहा है। अक्सर इसे उम्र बढ़ने से संबंधित बीमारी के रूप में देखा जाता है, पर मधुमेह की समस्या बहुत कम आयु वालों को भी हो सकती है। यदि आप शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहते हैं, आहार में प्रोसेस्ड-फास्ट फूड्स की मात्रा अधिक है या फिर परिवार में पहले भी कुछ लोगों को मधुमेह की समस्या रही है तो इसका जोखिम आपमें भी हो सकता है।



### मिथ- अधिक मीठा खाते हैं तो डायबिटीज हो सकता है

मीठी चीजें या आहार में कार्बोहाइड्रेट की अधिकता डायबिटीज के खतरे को बढ़ाने वाली मानी जाती है। हालांकि सिर्फ यही मधुमेह का कारण नहीं है। कई जोखिम कारक और भी हैं जो आपमें टाइप-2 मधुमेह के खतरे को बढ़ा देते हैं। यदि आपका वजन अधिक है, शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहते हैं, प्रीडायबिटीज की समस्या है या मधुमेह का पारिवारिक इतिहास रहा है तो ये स्थितियां भी आपमें डायबिटीज का कारण हो सकती हैं।

### मिथ- डायबिटीज हो गया है तो फल नहीं खा सकते



अक्सर फल, स्वाद में मीठे होते हैं और यह अवधारणा रही है कि मधुमेह से पीड़ित लोगों को मीठे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचना चाहिए। मधुमेह वाले लोग फल नहीं खा सकते हैं, असल में यह पूरी तरह से सही नहीं है। फलों में प्राकृतिक शर्करा होती है, पर ये फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और आवश्यक खनिजों से भरपूर भी होते हैं। इसलिए जिन फलों का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 50 से कम हो उनका सेवन किया जा सकता है। खट्टे फल, डायबिटीज में खाए जा सकते हैं।

### मिथ-सिर्फ उम्र बढ़ने पर ही होता है डायबिटीज

डायबिटीज से जुड़ा एक मिथ यह भी रहा है कि यह सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या है। पर डॉक्टर्स बताते हैं जिस तरह से लोगों में लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी देखी जा रही है, उसने कम उम्र वालों में भी इसका जोखिम बढ़ा दिया है।



30 से कम आयु वालों को भी डायबिटीज की समस्या हो सकती है। वहीं टाइप-1 डायबिटीज का खतरा बच्चों में अधिक होता है। यह किसी भी उम्र वालों को प्रभावित करने वाली बीमारी है।

### मिथ- परिवार में किसी को डायबिटीज नहीं था तो इसका खतरा नहीं

मधुमेह के लिए पारिवारिक इतिहास होना एक प्रमुख जोखिम कारक रहा है, पर बिना फैमिली हिस्ट्री वालों में भी यह बीमारी हो सकती है। यदि आपकी अस्वास्थ्यकर जीवनशैली की आदतें हैं, भले ही परिवार में किसी को डायबिटीज नहीं रहा है तो इसका जोखिम आपको भी हो सकता है। सभी उम्र को लोगों को इस बीमारी से बचाव के लिए लगातार प्रयास करते रहने की सलाह दी जाती है।

# घर की छत पर टॉयलेट बनाना शुभ है या अशुभ, जरूर जानें

अक्सर आपने देखा होगा कि कई लोग घर के भीतर तो टॉयलेट बनवाते ही हैं लेकिन घर की छत पर भी टॉयलेट का निर्माण करवाते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि घर की छत पर टॉयलेट होना शुभ है या अशुभ।



वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर का टॉयलेट बहुत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यही वो स्थान है जिससे सबसे ज्यादा नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश करती है। ऐसे में घर के टॉयलेट से जुड़े वास्तु नियमों का पालन आवश्यक माना गया है। अगर इन नियमों का पालन न किया जाए तो इससे घर में बुरे प्रभाव दिखने लग जाते हैं। वहीं, अक्सर आपने देखा होगा कि कई लोग घर के भीतर तो टॉयलेट बनवाते ही हैं लेकिन घर की छत पर भी टॉयलेट का निर्माण करवाते हैं। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि ऐसा करना सही है या गलत, तो चलिए जानते हैं कि घर की छत पर टॉयलेट होना शुभ है या अशुभ।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की छत पर टॉयलेट बनाना अशुभ माना जाता है। छत घर का सबसे ऊपरी हिस्सा होता है और वास्तु शास्त्र में इसे महत्वपूर्ण माना जाता है। यह ब्रह्मांडीय ऊर्जाओं से सीधा संपर्क स्थापित करता है। छत पर टॉयलेट बनाने से नकारात्मक ऊर्जा जो कि टॉयलेट से जुड़ी होती है इस सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बाधित कर सकती है, जिससे घर में ऊर्जा का असंतुलन पैदा होता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, छत पर टॉयलेट बनाने से घर के सदस्यों को वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। धन का आगमन बाधित हो सकता है और अनावश्यक खर्चे बढ़ सकते हैं। यह भी माना जाता है कि छत पर टॉयलेट की उपस्थिति घर के सदस्यों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां और शारीरिक कष्ट हो सकते हैं।

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर की छत पर टॉयलेट होने से नकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह के कारण घर के सदस्यों में मानसिक तनाव, अशांति और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। घर का वातावरण नकारात्मकता से भर सकता है। छत पर टॉयलेट बनाने से अन्य वास्तु दोष भी उत्पन्न हो सकते हैं जो घर की सुख-शांति और समृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं। यह घर की बाकी जगहों जैसे पूजा घर या रसोई के साथ ऊर्जा के टकराव का कारण बन सकता है।

# आप भी तो नहीं कर रहे हैं नकली चाय पत्ती का इस्तेमाल, ऐसे करें पहचान



क्या आप भी चाय में कर रहे हैं नकली पत्ती का इस्तेमाल? आप भी अगर इस बात का पता लगाना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप असली और नकली चाय पत्ती के बीच फर्क कर सकते हैं।

### टिशू पेपर से करें पहचान

आप टिशू पेपर की मदद से असली और नकली चाय पत्ती का पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको टिशू पेपर पर थोड़ी चाय पत्ती रखनी है। उसके बाद इसपर थोड़ा पानी डालें। अगर चाय पत्ती का रंग टिशू पेपर पर एकदम गाढ़ा आ जाए तो समझ जाइए चाय पत्ती में मिलावट है। असली चाय पत्ती में हल्का रंग आएगा।

### ठंडे पानी से करें टेस्ट

असली और नकली चाय पत्ती में अंतर करने का बेस्ट तरीका पानी वाली टेस्ट है। आप एक कांच के गिलास में ठंडा पानी लेना है और उसमें चाय पत्ती डालनी है। अगर आपकी चाय असली होगी तो उसका रंग पानी में धीरे-धीरे घुलेगा जबकि नकली चाय पत्ती पानी में डालते ही एकदम रंग छोड़ने लगेगी।

### स्मेल से करें पता

आप चायपत्ती की स्मेल से भी असली और नकली का पता लगा सकती हैं। आप थोड़ी सी चाय पत्ती को हथेली पर लेकर सूंघे। अगर चाय पत्ती में से अच्छी खुशबू आ रही है तो चाय असली है। आर्टिफिशियल चाय की महक आपको बहुत बेकार आएगी।



# खरीदें मां के लिए पसंदीदा खास तोहफा, मदर्स डे पर करें गिफ्ट

अगर आपका बजट 500 रुपये के अंदर है और आप मदर्स डे पर अपनी मां को एक प्यारा सा गिफ्ट देना चाहते हैं तो यहां आपको कुछ बेहतरीन और सस्ती गिफ्ट आइडियाज बताए जा रहे हैं, जो मां के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं।

मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। इस साल मदर्स डे 11 मई 2025 को मनाया जा रहा है। मदर्स डे मां के मातृत्व को सम्मान देने, हमारे जीवन में उनकी भूमिका और योगदान की सराहना करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिन लोग अपनी मां को खास महसूस कराने का प्रयास करते हैं। बच्चे मां की ममता और प्रेम के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। इसके लिए कई छोटे- छोटे प्रयास करते हैं, जैसे मां को सरप्राइज देकर, उनके लिए पार्टी आयोजित कर सकते हैं या तोहफा दे सकते हैं। मां के साथ किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

अगर आप अपनी मां को स्पेशल महसूस कराना चाहते हैं तो मदर्स डे के लिए खास तोहफा जरूर ले आएं। हालांकि मां अपने बच्चों से किसी महंगे तोहफे की ख्वाहिश नहीं रखती है, ऐसे में आप अपने बजट में तोहफा ले सकते हैं। अगर आपका बजट 500 रुपये के अंदर है और आप मदर्स डे पर अपनी मां को एक प्यारा सा गिफ्ट देना चाहते हैं तो यहां आपको कुछ बेहतरीन और सस्ती गिफ्ट आइडियाज बताए जा रहे हैं, जो मां के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं।



### खूबसूरत कप या मग

मदर्स डे पर मां को कोई ऐसा तोहफा देना चाहते हैं जिसे देखते ही उन्हें आपकी याद आ जाए तो स्पेशल मग या कप गिफ्ट में दे सकते हैं। कप पर मां की फोटो या प्यारा सा मैसेज प्रिंट करवा सकते हैं। रोजाना जब वह चाय या कॉफी पिएंगी तो आपके प्यार का अहसास होगा। कस्टमाइज्ड मग लगभग 200 से 400 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।

### सूती दुपट्टा या स्टोल

गर्मियों के मौसम में धूप और पसीने से राहत पाने के लिए मां को दुपट्टा या स्टोल दे सकते हैं जो कि हल्का और स्टाइलिश तोहफा होगा। यह मां के वॉर्डरोब में नया रंग भरने वाला गिफ्ट है जो कि कभी भी उनके काम आ सकता है। एक अच्छा दुपट्टा लगभग 300 रुपये तक आसानी से मिल जाएगा।

### हैंडमेड ग्रीटिंग कार्ड

मां को अपने हाथों से बना कोई खास तोहफा देना चाहते हैं तो उनके लिए ग्रीटिंग कार्ड बना सकते हैं। घर पर खूबसूरत सा ग्रीटिंग कार्ड बनाएं, जिसमें मां के लिए सुंदर सा संदेश लिख सकते हैं। चाहें तो फोटो कोलाज बनाकर भी गिफ्ट कर सकते हैं। एक ग्रीटिंग कार्ड या कोलाज बनाने में लगभग 100 से 300 रुपये का खर्च आ सकता है।

मां को घर में हरियाली और सकारात्मक ऊर्जा लाने वाला तोहफा देना चाहते हैं तो इनडोर प्लांट गिफ्ट में दें। उन्हें तुलसी, मनी प्लांट या लकी लक बांस गिफ्ट कर सकते हैं।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लायें, नया ले जायें
चादरें 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रुई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार
निरंकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
Sunday Open
प्लास्टिक एवं फायबर कूलर की विशाल रेंज
शीतल कूलर का 75 नये मॉडल के साथ विशाल शो-रूम
रूम, डक एवं विन्डो कूलर अनेक साईज में उपलब्ध
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

RAHUL SYNTHETICS
PREMIUM UNIFORMS
UNIFORM RANGE
School, Staff, Hostels, Corporates, Hospitals, Nursing Homes
Housekeeping, Field Staff, Workers, Workshops
All types of uniform, School, College & Security C.G. & Odisha
Shop No. 5, Mahalaxmi Cloth Market, Pandri, Raipur (C.G.)
Vinod Ahuja 9425513156 Rahul Ahuja 7879917006

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लेडी गागा ने 25 लाख लोगों के सामने धमाकेदार कॉन्सर्ट कर मैडोना को पीछे छोड़ा



रियो डी जनेरियो के मशहूर कोपाकबाना बीच पर हाल ही में पॉप सुपरस्टार लेडी गागा ने एक ऐसा कॉन्सर्ट दिया, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। इस मुफ्त कॉन्सर्ट में करीब 25 लाख लोग शामिल हुए, जो किसी महिला कलाकार के कॉन्सर्ट में अब तक की सबसे बड़ी भीड़ है। इस शानदार प्रदर्शन ने मैडोना का पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हुए इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। यह लेडी गागा का लगभग एक दशक बाद ब्राजील में पहला कॉन्सर्ट था। लेडी गागा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में इस खास पल को साझा करते हुए लिखा, ₹बीती रात के शो के दौरान जो एहसास मुझे हुआ, उसके लिए मैं बिल्कुल तैयार नहीं थी। ब्राजील के लोगों के लिए गाते हुए मुझे जो गर्व और खुशी महसूस हुई, वह शब्दों में बयां करना मुश्किल है। जब मैंने शुरुआत में गाना शुरू किया और भीड़ को देखा तो मेरी सांसें थम गईं। आपका दिल, आपकी संस्कृति रंगो से भरी और खास है। मैं दिल से आभारी हूं कि मुझे आपके साथ यह ऐतिहासिक पल बांटने का मौका मिला।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹25 लाख लोग मुझे देखने आए जो किसी महिला कलाकार के लिए सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। मैं चाहती हूं कि यह खुशी दुनिया के हर कोने तक पहुंचे। अगर आप कभी रास्ता भटक जाएं, तो मेहनत और आत्मविश्वास से आप वापस लौट सकते हैं। अपनी कला को निखारें, मेहनत करें और आप नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं।₹ पीपल की रिपोर्ट के मुताबिक कॉन्सर्ट के दौरान लेडी गागा ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, ₹आज रात हम इतिहास रच रहे हैं। आप सभी ने मेरे साथ यह इतिहास बनाया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। ब्राजील के लोग ही मेरी चमक की वजह हैं।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹आपकी आजादी, आपका प्यार, आपकी खुशी और आपका जोश पूरी दुनिया तक पहुंचे।

### टॉलीवुड

## रजनीकांत ने किया 'रेट्रो' का रिव्यू सूर्या की फिल्म पर की टिप्पणी



कार्तिक सुब्बाराज के निर्देशन में बनी फिल्म 'रेट्रो' इन दिनों सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है। दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। हालांकि, सुपरस्टार रजनीकांत को यह फिल्म खूब पसंद आई है। फिल्म को देखने के बाद उन्होंने 'रेट्रो' की जमकर तारीफ की है।

रजनीकांत ने हाल ही में 'रेट्रो' देखी और फिल्म की तारीफ में कसीदे पढ़े। कार्तिक सुब्बाराज ने ट्विटर पर रजनीकांत के शब्दों को साझा करते हुए लिखा, "थलाइवर ने 'रेट्रो' देखी और उन्हें ये बेहद पसंद आई। उनके शब्द थे- 'पूरी टीम का शानदार प्रयास... सूर्या का प्रदर्शन सुपर... आखिरी 40 मिनट कमाल के... हंसी का तड़का शानदार...।' मैं तो खुशी से उड़ रहा हूं... थलाइवर, आपसे बहुत प्यार।"

'रेट्रो' ने तमिलनाडु के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल्म ने अब तक करीब 37 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। तमिलनाडु में चेन्नई, कोयंबटूर और मदुरै जैसे शहरों में फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, जहां थिएटर्स में 80% से ज्यादा ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई है।

### छॉलीवुड

## 'प्रेम के प्रेमिका के प्रेम कहानी' को गीत-संगीत से सजा रहे नवलदास



ऋछत्तीसगढ़ी व हिंदी फिल्म के डायरेक्टर मनीष मानिकपुरी के निर्देशन में 'प्रेम के प्रेमिका के प्रेम कहानी' फिल्म का निर्माण हो रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के जानेमाने गायक, गीतकार और संगीतकार नवलदास मानिकपुरी के लिखे व संगीत में पिरोये छह गीत छतीसगढी फिल्म व एल्बम की सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती अल्का चंद्राकर परगनिहा के स्वर में रिकॉर्ड किए गए हैं। फिल्म में छतीसगढ के सुपरस्टार हिरो अनुज शर्मा व उभरते कलाकार दीपक साहू सहित छतीसगढ के बहुत से नामी-गिरामी कलाकार शामिल है। फिल्म के गीत-संगीत के बारे में नवलदास मानिकपुरी ने बताया कि कुल 8 गीत तैयार किए गए हैं। जिनमें 2 गीत मन मोहन जांजगीर ने लिखे है। सभी गीत अलग-अलग मूड के हैं। एक लव सांग भी अलग अंदाज में लिखा गया है वहीं फिल्म में कबीर साहब का एक भजन भी शामिल किया गया है जिसे खुद नवलदास मानिकपुरी और कुमार गब्बर महंत के स्वर में रिकॉर्ड किया जायेगा। वहीं अनुराग शर्मा, सुनील सोनी और राजेश कश्यप ने भी गीतों को अपनी आवाज दी है। नवलदास मानिकपुरी ने बताया कि गीत-संगीत में छत्तीसगढ़ की माटी की खूशबू झलकेगी। उल्लेखनीय है कि नवलदास मानिकपुरी अभी तक करीब 35 छत्तीसगढ़ फिल्मों के लिए गीत-संगीत तैयार कर चुके हैं। जिसे जनता ने भी बहुत सराहा और बेस्ट संगीतकार-गीतकार का अवार्ड भी मिल चुका है।

## फौज का फैशन

युद्ध भले ही दो या दो से अधिक पक्षों के बीच होता है लेकिन फैशन की दुनिया इसमें भी बाजार की जरूरत खोज लेती है। पिछले दिनों न्यूयार्क फैशन वीक में एक शो सेना की वर्दी पर केंद्रित रहा। इन वर्दियों में कुछ बदलाव कर अपनाते हुए कुछ बहुचर्चित मॉडल रैम्प पर उतरी थीं। इस शो पर दर्शकों की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही।



लाइफ स्टाइल

## घरेलू उपाय अपनाने पर गर्म हवाओं से मिलेगी आपकी स्किन को राहत

गर्मी के मौसम में हीट वेव की वजह से अधिकतर महिलाएं काफी परेशान रहती हैं। हीट वेव न सिर्फ आपकी स्किन को नुकसान पहुंचती है, बल्कि इसकी वजह से पूरे गर्मी के मौसम में महिलाएं चिड़चिड़ा पन महसूस करती है। अगर आप भी हीट वेव्स से बचना चाहती हैं और अपनी स्किन को स्वस्थ रखना चाहती है, तो अब आपको टेंशन करने की जरूरत नहीं है क्योंकि आप घर पर रहकर हीट वेव से बच सकती है और अपनी स्किन को स्वस्थ रख सकती हैं।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें राय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि हीट वेव की वजह से परेशान होना ही काम समस्या है अगर आप भी गर्मी के मौसम में हीट वेव की वजह से परेशानियां झेल रही है तो आप घर पर रहकर कुछ उपाय कर सकती हैं आईए जानते हैं उन उपाय के बारे में।

### खीरे से बनाएं फेस पैक

हीट वेव से बचने के लिए और स्किन को स्वस्थ रखने के लिए आप घर पर खीरे से फेस पैक तैयार कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आप सबसे पहले खीरे को कद्दूकस कर लें, इसके बाद इसे के कंटेनर में निकाल लें। अब आप इसमें एलोवेरा जेल, रोस मैरी वाटर, मलाई, विटामिन ई कैप्सूल और थोड़ी हल्दी डाल लें। अब इस मिश्रण को अच्छे से फेंट ले उसके बाद थोड़ी देर के लिए ढककर रख दें।



आप इस फेस पैक को हफ्ते में तीन बार लगा सकती हैं। ऐसा करने से आपको हीट वेव की वजह से होने वाली परेशानियों से राहत मिल सकती है। यही नहीं जब भी आप इस फेस पैक का इस्तेमाल करें, तो पहले अपने चेहरे को साफ पानी से धो लें, उसके बाद ही इसे चेहरे पर लगाएं। यह फेस पैक गर्मी के मौसम में आपकी स्किन को हाइड्रेट रखने में काफी मदद करेगा।

## सिंपल कुर्ता सेट के साथ खूब जमेंगे फुलकारी दुपट्टे के खास डिजाइंस



फुलकारी दुपट्टों में नई डिजाइन और वेराइटी तलाश रही हैं, तो आपको कुछ खास डिजाइंस पर गौर फरमाना चाहिए। सिंपल से सिंपल कुर्ता सेट के साथ भी आप इन्हें पहनेंगी, तो लोग मुड़-मुड़ कर आपको देखेंगे।



आजकल महिलाओं को बहुत ज्यादा तड़भड़क वाले कुर्ता सेट नही पसंद आते। आजकल महिलाएं सिंपल और सोबर कुर्ता सेट ज्यादा पसंद करती हैं, मगर स्टाइल से कोई कॉम्प्रोमाइज नहीं करती हैं। इसके लिए वे दुपट्टे में वेराइटी तलाशती हैं। आजकल मार्केट में ऐसे दुपट्टे आने भी लगे हैं, जो एक सिंपल से कुर्ता सेट को महंगा सा डिजाइनर लुक दे सकते हैं। फिर चाहे आप कॉटन, नेट, सिल्क किसी में भी दुपट्टा खरीद लें। इसके साथ ही अब कढ़ाईदार दुपट्टे बहुत पसंद किए जा रहे हैं। जिसमें फुलकारी वर्क वाले दुपट्टों की डिमांड दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। आपको फुलकारी दुपट्टों में ढेरों वेराइटी देखने को मिलेगी। बेस्ट बात तो यह है कि आप इसे सिंपल से सिंपल कुर्ता सेट के साथ पहन सकती हैं और ऑफिस, पार्टी या किसी छोटे-मोटे समारोह में जा सकती हैं। चलिए हम आपको इस दुपट्टे की कुछ डिजाइंस दिखाते हैं और इन्हें स्टाइल करने का तरीका भी बताते हैं।

### लाइट एम्ब्रॉयडरी फुलकारी दुपट्टा

बाजार में आपको लाइट फुलकारी एम्ब्रॉयडरी वाले दुपट्टों में अच्छी वेराइटी देखने को मिल जाएगी। इसमें आपको हैवी बॉर्डर के साथ पूरे दुपट्टे में फूलों का बारीक जाल देखने को मिल जाएगा। वहीं छोटे-छोट मोटिफ में कढ़ाई वाले दुपट्टे भी आपका मिल जाएंगे। इस तरह के दुपट्टे ऑफिस के लिए बहुत अच्छे हैं। आप इसे डेली यूज के लिए भी इस्तेमाल कर सकती हैं। कीमत- बाजार में इस तरह के दुपट्टे आपको 250 रुपये से लेकर 500 रुपये तक में मिल जाएंगे।

हैवी एम्ब्रॉयडरी फुलकारी दुपट्टे में आपको एक नहीं कई सारी डिजाइंस मिल जाएंगी। इसमें थोड़ी मोटी एम्ब्रॉयडरी मिलेगी। फूलों की कढ़ाई के साथ-साथ इसमें आपको हैवी जालवर्क भी देखने को मिलेगा।

## साड़ी लुक को बनाना है अट्रैक्टिव तो हाथों में पहनें लेटेस्ट डिजाइंस वाली रिंग्स

सुंदर नजर आने के लिए जहां महिलाएं बेस्ट एक्सेसरीज का चुनाव करती हैं तो, वहीं इस एक्सेसरीज में रिंग भी आती हैं। रिंग आपके आउटफिट को न्यू टच साथ ही, हाथों को सुंदर बनाने का काम करती है। रिंग आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। लेकिन, अगर अपने लुक अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं तो, आप साड़ी के साथ ये लेटेस्ट डिजाइंस वाले रिंग्स स्टाइल कर सकती हैं।

**स्टोन रिंग:** अगर आप लाइट कलर की साड़ी स्टाइल कर रही हैं तो, आप इस तरह की रिंग स्टाइल कर सकती हैं। इस रिंग में स्टोन वर्क किया हुआ है साथ ही, ये राउंड डिजाइन में है। इस तरह का रिंग आपके लुक को सुंदर बनाने का काम करेगा और इसे आप 200 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। जो आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से ले सकती हैं।

**कुंदन वर्क रिंग:** ट्रेंडी लुक के लिए आप इस तरह की कुंदन वर्क रिंग का चुनाव कर सकती हैं और इस रिंग में आपके लुक न्यू टच देने का काम करेंगे। इस तरह की रिंग आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों



से 200 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। यह रिंग आप डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

**मोती डिजाइन रिंग:** आपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप इस तरह के कुंदन वर्क में मोती डिजाइन वाले रिंग का भी चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की रिंग आपको 150 रूपये से कम कीमत में खरीद कर लाइट और डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। अगर आप न्यू डिफरेंट और न्यू लुक चाहती हैं तो, आप इस तरह के मोर डिजाइन वाले रिंग का भी चुनाव कर सकती हैं।

## ट्रेंडी हेयर स्टाइल देंगे अप्सरा जैसा लुक

शादी या किसी खास मौके पट अप लहंगा स्टाइल करने का सोच रही हैं तो, आप इस आर्टिकल में दिखाए गए हेयर स्टाइल बनवा सकती हैं जो आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेगा।

हेयरस्टाइल आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करता है और ये ही वजह हैं कि महिलाएं बेस्ट आउटफिट के साथ परफेक्ट हेयर स्टाइल बनवाना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप लहंगा स्टाइल कर रही हैं और इस दौरान अप्सरा जैसा लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के 3 ट्रेंडी हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस तरह का हेयर स्टाइल आपके लुक को स्टाइलिश लुक देने का काम करेगा साथ ही, आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेगा।

### बन हेयर स्टाइल

एक्ट्रेस शनाया कपूर की तरह आप लहंगे के साथ आप इस तरह का बन हेयर स्टाइल बनवा सकती हैं। इस तरह का बन हेयर स्टाइल न्यू और स्टाइलिश टच देने का काम करेगा। बन हेयर स्टाइल आप कई तरह से बना सकती हैं। इसमें आपको बालों को पीछे तरह करना है और ऊपर पिन की मदद से बालों को बन बना देना है। वहीं न्यू लुक देन के लिए आप इसके ऊपर फूल भी लगा सकती हैं।



### ओपन हेयर स्टाइल

ओपन हेयर स्टाइल को किस तरह का होता हैं। इसके लिए आप एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर लुक से आइडिया ले सकती हैं। यह हेयर स्टाइल बनाना आसान है और इसे आपका लुक अलग और खूबसूरत नजर आएगा। इस हेयर स्टाइल को आप बालों को खुला छोड़कर कर्ल कर दें। इसी के साथ इस हेयर स्टाइल को कई और तरह से भी आप बना सकती हैं। वहीं इस ओपन हेयर स्टाइल के साथ आप न्यू एक्सेसरीज भी एड कर सकती हैं। लहंगा के साथ आप इस तरह का फ्लोरल ब्रैड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। यह हेयर स्टाइल आपके लुक न्यू लुक देने का काम करेगा।

कार्नर न्यूज

### आजकल कम उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां हो गई आम बात

## नौजवानों के चेहरे पर नजर आ रही हैं झुर्रियां कुछ उपाय से पा सकते हैं यंग और हेल्दी स्किन

आजकल बहुत से लोगों में 30 की उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां नजर आने लगती है। लेकिन यह केवल बढ़ती उम्र का असर नहीं होता, बल्कि कई अन्य कारण भी होते हैं जो त्वचा को जल्दी बूढ़ा बना सकते हैं। हालांकि, अगर कुछ सरल और प्रभावी उपाय अपनाए जाएं तो आप अपनी त्वचा को यंग और हेल्दी रख सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसे तरीकों के बारे में जिन्हें अपनाकर आप अपनी त्वचा को लंबी उम्र तक जवां और चमकदार बना सकते हैं।

सही डाइट का लेना बेहद जरूरी आपकी त्वचा का स्वास्थ्य सीधे आपकी डाइट से जुड़ा होता है। यदि आप पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेते हैं, तो आपकी त्वचा भी स्वस्थ और जवां रहती है। ताजे फल और सब्जियां को हर दिन अपनी डाइट में शामिल करना जरूरी होता है। ताजे फल और सब्जियां विटामिन C, E और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर होती हैं, जो त्वचा को नुकसान से बचाती हैं। उदाहरण के लिए, संतरा, अंगूर, पत्तेदार हरी सब्जियां, गाजर आदि।



### ऐसे रखें त्वचा को हाइड्रेटेड

मछली, अखरोट, अलसी और चिया सीड्स भी चेहरे के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। ये त्वचा को हाइड्रेटेड रखते हैं और झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं। त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। यह त्वचा को तरोताजा बनाए रखता है और समय से पहले झुर्रियां आने से रोकता है। धूप में सीधे संपर्क से आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचता है, जिससे समय से पहले झुर्रियां, डार्क स्पॉट्स और सनबर्न हो सकते हैं।

### जरूर करें संसक्रीन का उपयोग

बाहर जाने से पहले एसपीएफ 30 या उससे ज्यादा का सनस्क्रीन इस्तेमाल करें। यह त्वचा को हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाता है। सूरज की किरणों से बचने के लिए कोशिश करें कि धूप में ज्यादा समय न बिताएं, खासकर सुबह 10 से 4 बजे के बीच का समय काफी अहम होता है। स्किनकेयर रूटीन में नियमितता बेहद जरूरी है।

### अच्छे मॉइश्चराइज़र का इस्तेमाल करें

अपनी त्वचा को हर दिन अच्छी तरह से साफ करें ताकि गंदगी और तेल हट सके। लेकिन क्लींजर ऐसा हो जो आपकी त्वचा को ड्राई न करे। त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए अच्छे मॉइस्चराइज़र का इस्तेमाल करें। इससे त्वचा की इलास्टिसिटी बनी रहती है और झुर्रियां कम होती हैं। विटामिन C और रेटिनॉल वाले क्रीम्स और सीरम्स का इस्तेमाल करें। ये त्वचा की मेटाबॉलिज़्म को बढ़ाते हैं और कोलेजन को बनाए रखते हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं।

### प्राकृतिक चीजों से भी पहुंचता है फायदा

हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं और दूध त्वचा को मुलायम बनाए रखता है। आप हल्दी और दूध का पेस्ट बना कर अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। एलोवेरा त्वचा को ठंडक और हाइड्रेशन देता है। यह झुर्रियों को भी कम करता है। आप ताजे एलोवेरा जेल को सीधे चेहरे पर लगा सकते हैं। स्मोकिंग और अत्यधिक अल्कोहल का सेवन आपकी त्वचा के लिए हानिकारक हो सकता है। ये दोनों चीजें आपकी त्वचा के कोलेजन को तोड़ती हैं, जिससे झुर्रियां जल्दी बनती हैं और त्वचा की लचीलापन कम हो जाती है।

### तनाव को लेने से बचें

अगर आप मानसिक तनाव में रहते हैं, तो यह आपके शरीर पर असर डाल सकता है, जिसमें त्वचा भी शामिल है।